www.bharatsamvad.in

R.N.I.No- UPHIN/2009/30939

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

प्रयागराज, लखनऊ तथा मुम्बई से एक साथ प्रकाशित

मौसम
अधिकतम तापमान 39.c
30.c न्यूनतम तापमान

बाजार
सोना 101.700g
चांदी 106.000 kg

ऐप में पढ़े E-PAPER भारत संवाद
Scan for E-Paper or Search on Play store Bharat Samvad E-Paper

2 एक बुरे धंधे पर लगाम, आनलाइन गेमिंग कंपनियों पर कसा शिकंजा

व्हाइट हाउस से बात करो, रूसी तेल पर निक्की हेली की भारत को दो टूक चेतावनी 06

वर्ष :17 | अंक :145 | प्रयागराज , सोमवार , 25 अगस्त , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 1 : 00 रुपए

संक्षिप्त समाचार

## दिल्ली पुलिस ने हेरोइन गिरोह का भंडाफोड़ करने का दावा किया

दिल्ली पुलिस ने दो मादक पदार्थ आपूर्तिकताओं को गिरफ्तार करके एक बड़े हेरोइन गिरोह का भंडाफोड़ करने का दावा किया है और पांच करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का प्रतिबंधित मादक पदार्थ भी जब्त किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टीम ने एक अभियान के तहत 1,049 ग्राम हेरोइन, एक स्कूटर, नकदी और मोबाइल फोन जब्त किए। पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) संजीव कुमार यादव ने बताया, इस गिरोह की सरगना नंद नगरी निवासी 54 वर्षीय सीमा और शाहदरा में रहने वाली उसकी भाभी (43) हैं। अधिकारी ने बताया कि दोनों महिलाओं को 22 अगस्त को जीटीबी अस्पताल के निकट छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किया गया था, जब नंद नगरी के डी-ब्लॉक में स्थित झुग्गी-बस्ती में हेरोइन पहुंचाने की कोशिश कर रही थीं। अधिकारी ने कहा कि दोनों नीले रंग के स्कूटर पर सवार थीं, जिसे जब्त कर लिया गया है।

## राजस्थान के कोटा में कमरे की छत गिरने से महिला की मौत, पति घायल

राजस्थान में कोटा जिले के सुल्तानपुर कस्बे में कमरे की छत गिरने से 30-वर्षीय महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। कोटा के एक अस्पताल के शवगृह में सहायक उप-निरीक्षक विजेंद्र सिंह ने बताया कि घटना शनिवार रात हुई और मृतका की पहचान यास्मीन, जबकि घायल व्यक्ति की पहचान जावेद अख्तर के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि दंपति की चार साल की बेटी और उसके दादा-दादी चार कमरों वाले मकान के दूसरे कमरे में सो रहे थे और वे सुरक्षित हैं। एएसआई ने बताया कि यास्मीन की सुबह करीब पांच बजे कोटा के एमबीएस अस्पताल में मौत हो गई। छत गिरने की आवाज और परिवार के शोर मचाने पर पड़ोसी वहां पहुंचे और दंपति को पत्थर की सिल्लियों के नीचे दबा हुआ पाया। अनुमान जताया जा रहा है कि पिछले दिनों हुई लगातार बारिश के कारण छत कमजोर हो गई थी।

# चुनाव आयोग अब गोदी आयोग बन गया है

### बिहार के अररिया में तेजस्वी -राहुल का बीजेपी पर हमला

**संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस**

राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने बिहार के अररिया में बीजेपी और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। दोनों नेताओं ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए उसे 'गोदी आयोग' बताया और दावा किया कि फर्जी वोटर डेटा और 'वोट चोरी' में उसकी भूमिका है, जिसे वे 'वोटर अधिकार यात्रा' से उजागर कर रहे हैं।

एजेंसी

बिहार । कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल के तेजस्वी यादव ने बिहार के अररिया में एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय जनता पार्टी, केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर तीखे हमले किए। दोनों नेताओं ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए उसे 'गोदी आयोग' करार दिया।

#### चुनाव आयोग पर उठाए सवाल

तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग अब चुनाव आयोग नहीं रहा, बल्कि गोदी आयोग, भाजपा की एक इकाई बन गया है। उन्होंने कहा कि वे और राहुल गांधी लोकतंत्र और वोट के अधिकार को बचाने के लिए इस यात्रा ( वोटर अधिकार यात्रा ) पर निकले हैं। तेजस्वी ने दावा किया कि जमीनी स्तर पर उनकी यात्रा के बाद यह साफ हो गया है कि चुनाव आयोग की विश्वसनीयता खत्म हो चुकी है। राहुल गांधी ने भी चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि उन्होंने कर्नाटक में चुनाव आयोग के सामने फर्जी वोटरों का डेटा रखा था, जिसका जवाब आज तक नहीं मिला। राहुल ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस की, तो चुनाव आयोग ने उनसे एफिडेविट मांगा, जबकि अनुराग ठाकुर ने उसी तरह की प्रेस कॉन्फ्रेंस करने पर उनसे कोई एफिडेविट नहीं मांगा गया। उन्होंने कहा कि इससे साफ है कि चुनाव आयोग किसके साथ खड़ा है। उन्होंने बिहार में 'वोट चोरी' की बात करते हुए कहा कि विपक्ष शिकायत कर रहा है, लेकिन बीजेपी और चुनाव आयोग की 'साझेदारी' है, इसलिए बीजेपी कुछ नहीं कह रही है।

#### तेजस्वी ने चिराग पासवान पर साधा निशाना

तेजस्वी यादव ने केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान पर तंज कसते हुए कहा कि वे एक व्यक्ति विशेष के हनुमान हैं। इसके जवाब में, राहुल गांधी ने मुस्कुराते हुए कहा कि यह बात मुझ पर भी लागू होती है।



#### तेजस्वी ने कहा- चिराग पासवान बड़े भाई, जल्द शादी करें:राहुल बोले- यह मुझ पर भी लागू

**युवक ने सुरक्षा घेरा तोड़कर राहुल को किस किया**

वोटर अधिकार यात्रा के 8वें दिन राहुल-तेजस्वी का काफिला अररिया पहुंचा। यहां मीडिया से बात करते हुए तेजस्वी यादव ने केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को शादी करने की सलाह दी। चिराग को लेकर किए सवाल पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा, 'वे एक व्यक्ति विशेष के हनुमान हैं। हम जनता के हनुमान हैं। चिराग पासवान आज कोई मुद्दा नहीं हैं। मैं उन्हें सलाह जरूर दूंगा, वह हमारे बड़े भाई हैं और उन्हें जल्द से जल्द शादी करनी चाहिए।' इस बयान पर राहुल गांधी ने कहा, यह बात मुझ पर भी लागू होती है। इससे पहले रविवार सुबह यात्रा पूर्णिया से शुरू हुई, जहां राहुल गांधी ने बुलेट चलाई। इस दौरान उनके पीछे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम बैठे दिखे। राहुल ने 2ङट तक बाइक चलाई। इस दौरान उनका एक समर्थक अचानक से सामने आ गया। राहुल कुछ समझ पाते, इससे पहले उसने लोकसभा में नेता विपक्ष को किस किया। तब तक सिक्योरिटी गार्ड पहुंच गए।

# हम सदैव श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के दिखाए गए ज्ञान के मार्ग पर चलें : पीएम मोदी

### प्रधानमंत्री मोदी ने गुरु ग्रंथ साहिब के प्रकाश पर्व पर लोगों को शुभकामनाएं दीं

पोस्ट में कहा, श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर हार्दिक बधाई। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की शाश्वत शिक्षाएं दुनिया भर में जीवन को प्रकाशित करती रहती हैं और हमें करुणा, विनम्रता और सेवा के मूल्यों की याद दिलाती हैं।



उन्होंने कहा कि ये शिक्षाएं मानवता को एकता और सद्भाव की भावना को मजबूत करने के लिए प्रेरित करती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, हम सदैव श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी द्वारा दिखाए गए ज्ञान के मार्ग पर चलें और एक बेहतर ग्रह बनाने का प्रयास करें।

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर हार्दिक बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की शाश्वत शिक्षाएं दुनिया भर के जीवन को प्रकाशित करती रहती हैं और हमें करुणा, विनम्रता और सेवा के मूल्यों की याद दिलाती हैं। उन्होंने आगे कहा कि ये शिक्षाएं मानवता को एकता और सद्भाव की भावना को मजबूत करने के लिए प्रेरित करती हैं। पीएम मोदी ने आशा व्यक्त की कि हम सदैव श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी द्वारा दिखाए गए ज्ञान के मार्ग पर चलें और एक बेहतर दुनिया के निर्माण का प्रयास करें। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर हार्दिक बधाई। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की शाश्वत शिक्षाएं दुनिया भर के जीवन को प्रकाशित करती रहती हैं और हमें करुणा, विनम्रता और सेवा के मूल्यों की याद दिलाती हैं। ये शिक्षाएं मानवता को एकता और सद्भाव की भावना को मजबूत करने के लिए प्रेरित करती हैं। हम सदैव श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी द्वारा दिखाए गए ज्ञान के मार्ग पर चलें और एक बेहतर ग्रह के निर्माण का प्रयास करें।" केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने एक्स पोस्ट में लिखा, "श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं।

# 'वोट चोरी' के बाद अब 'सत्ता चोरी' में जुटी भाजपा, खड़गे का केंद्र सरकार पर हमला

### पीएम लोगों को गुमराह करने घुसपैठियों की बात कर रहे

खड़गे ने दावा किया कि भाजपा 30 दिनों के अंदर विपक्षी सरकारों को गिराने और गिरफ्तारी को हथियार के रूप में प्रयोग कर लोकतंत्र को अस्थिर करने के लिए विधेयक ला रही है.

एजेंसी

नई दिल्ली : कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को आरोप लगाया कि वोट चोरी के बाद भाजपा अब सत्ता चोरी में लगी हुई है और 30 दिनों के भीतर विपक्षी सरकारों को गिराने तथा गिरफ्तारी को हथियार के रूप में इस्तेमाल कर लोकतंत्र को अस्थिर करने के लिए विधेयक ला रही है. खड़गे ने दावा किया कि ये विधेयक नागरिकों से उनकी चुनी हुई सरकार बनाने या हटाने का अधिकार छीन लेते हैं और यह शक्ति ईडी-सीबीआई जैसी संस्थाओं को दे देते हैं. कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, यह लोकतंत्र पर बुलडोजर चलाने जैसा है. उन्होंने यहां इंदिरा भवन में हरियाणा और मध्य प्रदेश के जिला कांग्रेस समितियों के नवनियुक्त अध्यक्षों के साथ बैठक में अपने प्रारंभिक वक्तव्य में यह टिप्पणी की. खड़गे ने जिला कांग्रेस प्रमुखों को बूथ और मंडल समितियों के गठन में विशेष सावधानी बरतने तथा यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि इन समितियों के लोग पार्टी के प्रति वफादार हों और कांग्रेस की विचारधारा से विचलित न हों. सभी लोग पार्टी के प्रति वफादार और मेहनती हों खड़गे ने कहा, जिला अध्यक्ष अपने अधीन ब्लॉक समिति बनाता है. वह मंडल और बूथ समितियां बनाता है. जब आप ये समितियां बनाते हैं, तो इस बात का विशेष ध्यान रखें कि ये सभी लोग पार्टी के प्रति वफादार और मेहनती हों. सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वे कांग्रेस की विचारधारा से विचलित न हों. उन्होंने जोर देकर कहा कि अगर कोई उन्हें प्रलोभन भी दे तो भी उनकी निष्ठा कांग्रेस के प्रति बनी रहनी चाहिए




#### एकजुट होकर ही चुनाव में जीत संभव

उन्होंने कहा, अंत में, मैं सबसे महत्वपूर्ण बात कहना चाहता हूं - आपको सभी को एकजुट रखना होगा. गुटबाजी को पनपने न दें. जब कांग्रेस एकजुट रहेगी, तभी हम चुनाव जीतेंगे. गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में गंभीर आरोपों में लगातार 30 दिनों तक गिरफ्तार प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को हटाने के लिए तीन विधेयक पेश किए थे, जिसका विपक्षी सांसदों ने कड़ा विरोध किया और मसौदा कानून की प्रतियां फाड़ दीं और नारे लगाते हुए शाह की सीट के पास तक गए थे.

# राजनाथ सिंह ने मिशन 'गगनयान' सहित सभी अंतरिक्ष यात्रियों को किया सम्मानित

### ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने इसे देश की बड़ी उपलब्धि और अंतरिक्ष में भारत की यात्रा की शुरूआत बताया।




राजनाथ सिंह ने भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान' के चार गगनयात्रियों को सम्मानित किया। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने इसे देश की बड़ी उपलब्धि और अंतरिक्ष में भारत की यात्रा की शुरूआत बताया। यह सम्मान भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ता है।

एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज 'गगनयात्रियों' के सम्मान में आयोजित एक समारोह में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने देश के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन, 'गगनयान' के लिए चुने गए अंतरिक्ष यात्रियों को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, ग्रुप कैप्टन पी.वी. नायर, ग्रुप कैप्टन अजीत कृष्णन और ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप का अभिनंदन किया। सम्मानित होने के बाद, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि वायुसेना में रहते हुए जो तैयारी उन्होंने की है, उसी के आधार पर वे इस मुकाम तक पहुंचे हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने जो कुछ भी अनुभव किया है और जो कुछ भी हासिल किया है, मुझे लगता है कि मेरी जो पृष्ठभूमि थी या इस वर्दी में और वायु सेना में रहकर मैंने वर्षों तक जो तैयारी की थी।

#### जम्मू के अस्पताल में पीड़ितों से मिले राजनाथ सिंह, बोले- प्रधानमंत्री बेहद चिंतित

जम्मू: रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को जम्मू के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज करा रहे कुछ पीड़ितों से मिले, जो जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के एक सुदूर गांव में बादल फटने की घटना के शिकार हुए थे. इस मौके पर राजनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बादल फटने की घटना को लेकर बेहद चिंतित हैं. घायलों के इलाज पर संतोष व्यक्त करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि खराब मौसम और रास्ते में सड़क पर हुए ताजा भूस्खलन के कारण बादल फटने से प्रभावित क्षेत्र का दौरा करने की उनकी योजना सफल नहीं हो सकी. रक्षा मंत्री के साथ केंद्रीय मंत्री और उधमपुर से सांसद जितेंद्र सिंह और जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा भी थे. दिल्ली से जम्मू पहुंचने के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सीधे अस्पताल गए और वहां इलाज करा रहे 16 लोगों से मिले. डॉक्टरों की एक टीम ने उन्हें मरीजों की स्थिति के बारे में जानकारी दी.

## आदिवासी विरोध के बीच झारखंड के पूर्व सीएम चंपई सोरेन नजरबंद

एजेंसी

झारखंड में सियासी हलचल तेज ! पूर्व सीएम चंपई सोरेन को रिम्स-2 भूमि विवाद पर आदिवासी विरोध प्रदर्शन के बीच नजरबंद किया गया है। उन्होंने इस कार्रवाई को अलोकतांत्रिक बताते हुए सरकार पर आदिवासियों की जमीन जबरन हड़पने और अधिकारों का हनन करने का आरोप लगाया है, जिससे झारखंड में तनाव बढ़ गया है। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता चंपई सोरेन को रविवार को एक बहु-कोर सरकारी स्वास्थ्य संस्थान के लिए भूमि अधिग्रहण के खिलाफ आदिवासी संगठनों के विरोध प्रदर्शन के बाद नजरबंद कर दिया गया।

# लोकतंत्र में सार्थक बहस और चर्चा की महत्वपूर्ण भूमिका

### बोले अमित शाह- सदन में विपक्ष को संयम से लेना चाहिए काम

शाह ने कहा, सदन में विपक्ष को संयम से काम लेना चाहिए। प्रतीकात्मक विरोध का भी अपना स्थान है, लेकिन विरोध के बहाने पूरे सत्र को बाधित करने की परंपरा बनाना नागरिकों और उनके निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए चिंतन का विषय है। क्योंकि जब चर्चा समाप्त हो जाती है, तो राष्ट्रीय विकास में सदन का योगदान न्यूनतम हो जाता है।



एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को एक स्वस्थ लोकतंत्र में सार्थक बहस और चर्चा की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि जनता की चिंताओं के समाधान के लिए विचार-विमर्श सबसे अच्छा माध्यम है। दिल्ली विधानसभा में आयोजित ' ऑल इंडिया स्पीकर्स कांफ्रेंस' कार्यक्रम में बोलते हुए शाह ने कहा, अगर संसद या विधानसभाओं में बहस नहीं होगी, तो ये इमारतें बेजान हो जाएंगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि सदन के अध्यक्ष के नेतृत्व में और सभी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी से, ये संस्थाएं जीवंत बनती हैं और राष्ट्र तथा राज्यों के हितों की सेवा करने में सक्षम बनती हैं। उन्होंने संसदीय विपक्ष में संयम बरतने का भी आान करते हुए कहा कि लोकतंत्र में प्रतीकात्मक विरोध का अपना स्थान है, लेकिन विरोध के नाम पर पूरे सत्र को बाधित करने की बढ़ती प्रवृत्ति चिंता का विषय है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बहस रचनात्मक संवाद के माध्यम से होनी चाहिए, न कि राजनीतिक लाभ के लिए कार्यवाही में बाधा डालकर। उन्होंने कहा, जब राजनीतिक स्वार्थों के कारण संसद और विधानसभाओं को चलने से रोका जाता है, तो वास्तविक बहस नहीं हो पाती। केंद्रीय गृहमंत्री ने भी केंद्रीय विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष विट्ठलभाई पटेल के योगदान की प्रशंसा की ।

# 'कोई पछतावा नहीं, वो खुद मरी', पत्नी को जिंदा जलाने वाले दरिंदे पति का कबूलनामा

दहेज के लिए पत्नी निक्की को जिंदा जलाने वाले पति विपिन भाटी ने अपने किए पर कोई अफसोस नहीं जताया। 6 साल के बेटे की रोंगटे खड़े कर देने वाली गवाही के बावजूद आरोपी पति ने कहा, मैंने उसे नहीं मारा, वह खुद मरी।



एजेंसी

ग्रेटर नोएडा में दहेज की मांग पूरी न होने पर अपनी पत्नी निक्की को जिंदा जलाने के आरोपी पति विपिन भाटी को अपने किए पर कोई पछतावा नहीं है। अस्पताल ले जाते समय विपिन ने साफ कहा कि उसने निक्की को नहीं मारा, बल्कि वह 'खुद मर गई।' विपिन को निक्की की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के मुताबिक, उसे उस ज्वलनशील पदार्थ की बोतल बरामद करने के लिए ले जाया जा रहा था जिसका इस्तेमाल उसने अपराध में किया था। तभी उसने एक पुलिस अधिकारी की पिस्तौल छीनने की कोशिश की और हिरासत से भाग गया। बार-बार चेतावनी के बावजूद, जब वह नहीं रुका तो पुलिस को गोली चलानी पड़ी, जिससे एक गोली उसके पैर में लगी। इस घटना के बाद भी विपिन ने कोई अफसोस जाहिर नहीं किया।

**आरोप** असम के सीएम पर प्रशांत भूषण के गंभीर आरोप

# वे हर तरह की गैरकानूनी और अवैध गतिविधियों में शामिल हैं

एजेंसी

नयी दिल्ली ।वरिष्ठ वकील और सामाजिक कार्यकर्ता प्रशांत भूषण ने रविवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि हिमंत बिस्वा सरमा हर तरह की गैरकानूनी और अवैध गतिविधियों में शामिल हैं और राज्य की लूट' को देश-दुनिया से छिपाने की कोशिश कर रहे हैं।

प्रशांत भूषण गुवाहाटी में एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बात कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि हिमंत बिस्वा सरमा सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि आम लोग यह न जान सकें कि असम में वास्तव में क्या हो रहा है।



#### 'राज्य में खुली लूट को छिपाना चाहते हैं सीएम सरमा'

प्रशांत भूषण ने आरोप लगाया कि असम सरकार अवैध तरीके से नागरिकों को बांग्लादेश और देश के बाहर धकेल रही है। लोगों को उनकी जमीन से जबरन बेदखल किया जा रहा है। गरीबों और आम नागरिकों के घरों को गैरकानूनी तरीके से गिराया जा रहा है। आदिवासी किसानों की उपजाऊ जमीन कंपनियों, खासकर अदाणी समूह जैसी बड़ी कॉरपोरेट कंपनियों को देने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा, 'राज्य में खुली लूट चल रही है और मुख्यमंत्री इसे छिपाना चाहते हैं। इसलिए वे स्वतंत्र आवाजों और सच बोलने वालों को रोकना चाहते हैं।'

असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा पर वरिष्ठ वकील और सामाजिक कार्यकर्ता प्रशांत भूषण ने कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि हिमंत बिस्वा सरमा हर तरह की गैरकानूनी और अवैध गतिविधियों में शामिल हैं और राज्य की लूट' को देश-दुनिया से छिपाने की कोशिश कर रहे हैं।

#### मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा का पलटवार

इसी दिन पहले, मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने विपक्ष और बुद्धिजीवियों पर पलटवार किया। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस, जमात-ए-इस्लामी-हिंद और कुछ बुद्धिजीवी जैसे हर्ष मंदर, प्रशांत भूषण, वजाहत हबीबुल्लाह, फैयाज शाहीन और जवादर सिरकार असम को कमजोर करने के लिए पाकिस्तान और बांग्लादेश के कुछ तत्वों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

# कटनी खनन सम्मेलन में मध्यप्रदेश को मिले 56,414 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव: मुख्यमंत्री यादव



मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि 27 अगस्त को उज्जैन में एक आध्यात्मिक सम्मेलन और 31 अगस्त को ग्वालियर में एक पर्यटन सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सरकार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दे रही है।

एजेंसी

नयी दिल्ली। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि राज्य के कटनी जिले में आयोजित खनन सम्मेलन 2.0 के दौरान राज्य को आठ खनन कंपनियों से 56,414 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले। उन्होंने शनिवार को सम्मेलन में कहा कि मध्यप्रदेश खनिज संसाधनों के मामले में कभी पीछे नहीं रहा और अब देश के खनन राज्य के रूप में खुद को विकसित करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने निवेशकों से राज्य में उद्योग स्थापित करने का आग्रह किया और सरकार की ओर से उन्हें पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। यादव ने कहा कि सम्मेलन देश भर के उद्योगपतियों की मध्यप्रदेश में बढ़ती रुचि को दशार्ता है।

उन्होंने कहा कि निवेश प्रस्ताव राज्य को खनन क्षेत्र में और प्रगति करने के लिए प्रेरित करेंगे।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने महत्वपूर्ण खनिजों की खोज, प्रसंस्करण और विकास के लिए कोल इंडिया लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। खनन क्षेत्र में कृत्रिम मेधा (एआई), ब्लॉकचेन और रिमोट सेंसिंग के उपयोग के लिए टेक्समिन आईएसएम, धनबाद के साथ एक और समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

## सम्पादकीय

# अमेरिका को जवाब, ट्रंप का दोहरा रवैया बेनकाब

अमेरिकी राष्ट्रपति भारत के खिलाफ अपनी मनमानी टैरिफ नीति को लेकर चाहे जितने बड़े बोल बोलें सच्चाई यह है कि भारत अब उनके दबाव में आने वाला नहीं है। उसे आना भी नहीं चाहिए। विदेश मंत्री जयशंकर ने यही संदेश देने के लिए यह कहा कि भारत ने अमेरिका से व्यापार वार्ता के मामले में लक्ष्मण रेखा खींच दी है। वस्तुत यह नए भारत का संदेश है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यह कहकर एक तरह से अमेरिका को उसी की भाषा में जवाब दिया कि यदि आपको भारत की ओर से रूस से तेल खरीदने में परेशानी है तो आप उसे हमसे न खरीदें। ज्ञात हो कि भारत रूस से जो कच्चा तेल खरीदता है, उसके रिफाइंड उत्पादों के खरीदारों में यूरोप के साथ अमेरिका की भी गिनती होती है। यह तथ्य सामने रखकर भारतीय विदेश मंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के दोहरे रवैये को बेनकाब करने का ही काम किया। ऐसा करना इसलिए आवश्यक था, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति ने द्विपक्षीय व्यापार वार्ता सफल न होने के कारण भारत पर 25 प्रतिशत का टैरिफ लगाया है। इतना ही नहीं, उन्होंने रूस से तेल खरीदने को तूल देकर जुमार्ने के रूप में 25 प्रतिशत और टैरिफ लगाने की घोषणा की। इस घोषणा पर 27 अगस्त से अमल होना है। ट्रंप का तर्क है कि भारत रूस से तेल खरीदकर पुतिन को यूक्रेन के खिलाफ युद्ध जारी रखने में मदद कर रहा है। यह बेतुका और हास्यास्पद आरोप है, क्योंकि रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार तो चीन है, जिसके प्रति वे कठोर कदम उठाने का साहस नहीं जुटा पा रहे हैं। यूरोप भी बड़ी मात्रा में रूस से गैस खरीदता है। खुद अमेरिका रूस से उर्वरक खरीद रहा है।यह अच्छा हुआ कि विदेश मंत्री जयशंकर ने यह कहने में संकोच नहीं किया कि जो व्यापार समर्थक अमेरिकी प्रशासन के लिए काम करते हैं, वे दूसरों अर्थात भारत पर व्यापार करने का आरोप लगा रहे हैं। इससे बड़ी विडंबना और कोई नहीं कि जो अमेरिका एक समय मुक्त व्यापार की वकालत करता था और दुनिया भर के देशों पर इसके लिए दबाव डालता था, वह आज घनघोर संरक्षणवादी रवैया अपनाए हुए है। इस रवैये का परिचय ट्रंप के साथ-साथ अमेरिका के अरबपति कारोबारी भी दे रहे हैं। इस सबके बावजूद अमेरिकी अर्थव्यवस्था मजबूत होने का नाम नहीं ले रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति भारत के खिलाफ अपनी मनमानी टैरिफ नीति को लेकर चाहे जितने बड़े बोल बोलें, सच्चाई यह है कि भारत अब उनके दबाव में आने वाला नहीं है। उसे आना भी नहीं चाहिए। विदेश मंत्री जयशंकर ने यही संदेश देने के लिए यह कहा कि भारत ने अमेरिका से व्यापार वार्ता के मामले में लक्ष्मण रेखा खींच दी है। वस्तुतः यह नए भारत का संदेश है।यदि ट्रंप ने अपने मनमाने रवैये का परित्याग नहीं किया

## आज का विचार

महानता कभी ना गिरने में नहीं है, बल्कि हर बार गिरकर उठ जाने में है.

भारत संवाद




**मेष राशि:** व्यापार के मामले में किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेना लाभकारी हो सकता है। कार्यक्षेत्र में दूसरों की भावनाओं को भी ध्यान में रखकर निर्णय लेना आपके लिए बेहतर होगा। नौकरी करने वाले कार्यस्थल पर टीमवर्क के चलते किसी भी समस्या को हल करने में सफलता हासिल करेंगे।

**वृषभ राशि :**आपके सांसारिक सुख के साधनों में वृद्धि होगी और कार्यक्षेत्र में कामकाज अच्छा चलेगा, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। आप घर के लिए आवश्यक सामान की खरीदारी करने भी जा सकते हैं। व्यापार के मामले में अनुभवी व्यक्ति की राय लेने से लाभ हो सकता है।

**मिथुन राशि:** दिन अच्छा रहने वाला है और व्यापार के मामले में भी लाभ कमाने के मौके मिलेंगे। इससे समाज में आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी और पूरा दिन खुशनुमा रहेगा। अगर लंबे समय से किसी कर्ज में फंसे थे तो अब उससे भी छुटकारा मिल सकता है

**कर्क राशि :** आपका दिन आर्थिक मामलों में बेहतरीन रहने वाला है और उत्तम संपत्ति प्राप्त होने के योग भी बन रहे हैं। अगर लंबे वक्त से कहीं पैसा अटका हुआ था, तो वह अब वापस मिल सकता है। राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में भी आपको बड़ी सफलता हासिल हो सकती है।

**सिंह राशि :** कार्यक्षेत्र में आपको कुछ नई जिम्मेदारी मिल सकती सकती है, जिसे आप बुद्धिमानी और समझदारी से पूरा कर लेंगे। वहीं, नौकरी करने वालों को भी कार्यस्थल पर कुछ नए अधिकार प्राप्त हो सकते हैं और रचनात्मक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। परिवार में संतान के विवाह के लिए रिश्ता तय हो सकता है। ऐसे में आप भविष्य के लिए कोई योजना बना सकते हैं।

**कन्या राशि :** आर्थिक मामलों में सावधान रहने की जरूरत होगी। किसी अनावश्यक वस्तु या मामले में धन अधिक खर्च हो सकता है। कार्यक्षेत्र में अपने आसपास का माहौल खुशनुमा बनाए रखने का प्रयास करना होगा। किसी भी प्रकार के विवाद और बहस से दूर रहना बेहतर रहेगा।

**तुला राशि:** व्यापार के मामले में आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से हो सकती है, जिससे भविष्य में लाभ मिलने की संभावना है। अचानक कार्यक्षेत्र में बदलाव आने से मुनाफा कमा सकते हैं। वहीं, किसी नए कार्य में आपको तकनीकी पहलुओं पर अच्छी तरह विचार करना होगा।

**वृश्चिक राशि :** आपका पूरा दिन खुशियों और उत्साह से भरा रहने वाला है। बिजनेस के मामले में कामधंधे को आगे बढ़ाने के लिए आपको किसी अनुभवी व्यक्ति सलाह लेनी पड़ सकती है। कार्यक्षेत्र में आप अपनी जिम्मेदारियों तो सफलता के साथ पूरा करेंगे, जिससे मान-सम्मान में भी वृद्धि होगी।

**धनु राशि :** आर्थिक मामलों में अगर किसी पैसों के लेन-देन में फंसे थे तो अब आपको उससे छुटकारा मिल सकता है, जिससे तनाव भी कम होगा। कार्यक्षेत्र में किसी योजना या प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा हो सकती है, जिसमें आपके सुझावों को सभी गंभीरता से लेंगे और उन पर अमल भी कर सकते हैं।

**मकर राशि:** व्यापार के मामले में आपको किसी यात्रा पर जाना पड़ सकता है, जो सुखदायक रहेगी और इससे आपको सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। आर्थिक मामलों में सावधान रहने की जरूरत होगी और किसी भी व्यक्ति को इस समय उधार देने से बचें।

**कुंभ राशि:** आपका दिन अच्छा रहने वाला है और राजनीतिक क्षेत्र में बड़ी सफलता प्राप्त हो सकती है। आपके लिए सक्रिय राजनीति में भाग लेने के योग भी बन रहे हैं।


**मीन राशि:** आपकी संपत्ति में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं, जिससे मन प्रसन्न रहेगा और ननिहाल पक्ष से मान-सम्मान प्राप्त होगा। नौकरी करने वालों को कार्यस्थल पर विरोधियों से सावधान रहना होगा।

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# एक बुरे धंधे पर लगाम, आनलाइन गेमिंग कंपनियों पर कसा शिकंजा

> भारत का आनलाइन गेमिंग बाजार तेजी से बढ़ा है। 2023-24 में यह 23 प्रतिशत की दर से बढ़कर 3.8 अरब डालर तक पहुंच गया था। एक आंकड़े के अनुसार अपने देश में 2024 में आनलाइन गेम खेलने वालों की संख्या 45 करोड़ से अधिक हो चुकी थी लेकिन इस आकर्षक तस्वीर के पीछे उस बुरे धंधे की अनदेखी नहीं की जा सकती जो खतरा बन गया था।

पा मोदी सरकार की ओर से लोकसभा और फिर राज्यसभा में आनन-फानन पारित प्रमोशन एंड रेगुलेशन आफ आनलाइन गेमिंग बिल, 2025 कानून में परिवर्तित हो गया और इसी के साथ उस पर अमल भी शुरू हो गया। इसके चलते कई आनलाइन गेमिंग कंपनियों ने अपने आनलाइन मनी गेम बंद करने शुरू कर दिए। जब से इंटरनेट का प्रसार एवं उसकी उपलब्धता बढ़ी है और मोबाइल फोन पर आनलाइन गेम्स का चलन बढ़ा है, तब से आनलाइन गेमिंग के क्षेत्र में कुछ ऐसी कंपनियां भी आईं, जिन्होंने गेम की आड़ में सट्टेबाजी और जुए का कारोबार शुरू कर दिया। पिछले कई वर्षों से केंद्र एवं राज्य सरकारें इससे अच्छी तरह परिचित थीं कि पैसे के लेन-देन आधारित आनलाइन गेम्स कंपनियां गेम के नाम पर सट्टेबाजी का खेल खेल रही थीं। इस सट्टेबाजी के कारण तमाम लोग जुए की लत में अपना नुकसान कर रहे थे। तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश आदि सरकारों ने तो उन पर पाबंदी भी लगाई, लेकिन संबंधित उच्च न्यायालयों ने राज्य सरकारों के तर्कों को खारिज कर दिया और सट्टेबाजी वाले आनलाइन गेम्स को कौशल से जुड़ा खेल करार दिया। इसका परिणाम यह हुआ कि ऐसी कंपनियां अपना कारोबार खुलकर करने लगीं और इनमें से एक कंपनी तो भारतीय क्रिकेट टीम की प्रायोजक भी बन गई और उसका प्रचार नामी क्रिकेटर करने लगे। यह अच्छा हुआ कि केंद्र सरकार आनलाइन गेमिंग के नाम पर जारी सट्टेबाजी और जुए को लेकर चेती। उसकी ओर से आनलाइन मनी गेम्स



पर रोक लगाना आवश्यक हो गया था। इस संदर्भ में जो कानून बनाया गया है, वह आनलाइन सट्टेबाजी और जुए पर तो नियंत्रण की कोशिश है, लेकिन इसी के साथ वह कौशल वाले आनलाइन गेम्स को बढ़ावा भी देने वाला है। इन दोनों के बीच अंतर करना आवश्यक है, क्योंकि जहां आनलाइन सट्टेबाजी सामाजिक और आर्थिक समस्याएं पैदा कर रही थी, वहीं कौशल वाले आनलाइन गेम इंटरनेट आधारित एक नया उद्यम हैं। इन्हें पूरी दुनिया में बढ़ावा मिल रहा है और लोग अपने कौशल एवं शौक के हिसाब से उन्हें खेलते हैं। इसकी प्रतियोगिताएं भी होने लगी हैं। चूंकि इनमें पैसे का कोई लेन-देन नहीं होता, इसलिए इन्हें बढ़ावा मिलने में हर्ज नहीं। आज करोड़ों लोग और विशेष रूप से युवा आनलाइन गेमिंग में रुचि रखते हैं। यह भी एक उद्योग का रूप ले चुका है और लोगों को रोजगार और सरकार को राजस्व उपलब्ध कराता है। भारत का आनलाइन गेमिंग बाजार तेजी से बढ़ा है। 2023- 24 में यह 23 प्रतिशत की दर से बढ़कर 3.8 अरब डालर तक पहुंच गया था। एक आंकड़े के अनुसार अपने देश में 2024 में आनलाइन गेम खेलने वालों की संख्या 45 करोड़ से अधिक हो चुकी थी, लेकिन इस आकर्षक तस्वीर के पीछे उस बुरे धंधे की अनदेखी नहीं की जा सकती, जो खतरा बन गया था। यह खतरा सट्टेबाजी और जुए की लत बढ़ने के रूप में था। इस लत के चलते अनेक लोगों ने अपने लाखों रुपये गंवाए और हताश-निराश होकर आत्महत्या भी की। आत्महत्या के ऐसे कुछ मामलों का उल्लेख केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी किया। उन्होंने यह भी बताया कि आनलाइन मनी गेम्स की आड़ में हो रही सट्टेबाजी पर रोक लगाने के लिए कई प्रयास किए गए, लेकिन नाकामी मिली। सट्टेबाजी वाली आनलाइन गेमिंग को बढ़ावा देकर अपनी तिजोरी भरने वाली गेमिंग कंपनियों ने एक अनैतिक समानांतर अर्थव्यवस्था कायम कर ली थी। इसमें उपभोक्ताओं यानी आनलाइन गेमिंग के जरिये सट्टेबाजी करने वालों को न तो किसी तरह का संरक्षण प्राप्त था और न ही उनकी शिकायतों-समस्याओं की सुनवाई की कोई व्यवस्था थी। कुल मिलाकर मनमानी हो रही थी। अब इस मनमानी पर एक बड़ी हद तक रोक लगेगी, क्योंकि सट्टेबाजी वाले आनलाइन गेम का प्रचार-प्रसार प्रतिबंधित किया जाएगा। इसका उल्लंघन करने वालों को जुमार्ने के साथ जेल भी हो सकती है। इसके अतिरिक्त सट्टेबाजी कराने वाली आनलाइन कंपनियों को बैंक भुगतान प्रणाली से अलग किया जाएगा। अच्छा होगा कि सरकार नए कानून के हिसाब से नियामक प्राधिकरण जल्द बनाए, ताकि आनलाइन सट्टेबाजी और जुए पर रोक लगने के साथ ई-स्पोर्ट्स और ई-सोशल जैसे गेम्स का बेहतर नियमन हो, उनका बाजार बढ़े और रोजगार मिलने के साथ राजस्व भी मिले। सट्टेबाजी और जुए की लत लोगों को बर्बाद ही करती है। जो कंपनियां लोगों को आनलाइन जुआ खिला रही थीं, उनके बारे में यह संदेह है कि वे मनी लांड्रिंग का भी काम करती थीं और उनका पैसा देश विरोधी गतिविधियों में भी खपाया जाता था। ऐसी कंपनियों पर अंकुश लगाने के लिए 2021 में आइटी नियमों में संशोधन किया गया, लेकिन बात नहीं बनी। इसके बाद भी कुछ लोगों का तर्क है कि अन्य देशों की तरह भारत में भी आनलाइन मनी गेम्स पर पूरी तरह पाबंदी लगाने के बजाय उनका नियमन किया जाना चाहिए। यह एक तर्क तो है, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि यह एक कठिन काम है। यह भी किसी से छिपा नहीं कि इंटरनेट आधारित कंपनियां किस प्रकार हर तरह के नियमन का तोड़ निकालने में समर्थ होती हैं। अभी भी इसकी आशंका है कि ऐसी कंपनियां छल-छद्म से सक्रिय होने की कोशिश कर सकती हैं। सरकार को इसके प्रति सतर्क रहना होगा। सरकार की पहली प्राथमिकता एक बुरे धंधे से लोगों को बचाने की होनी चाहिए। इस धंधे की बुराई को इससे समझा जा सकता है कि एक अनुमान के मुताबिक अपने देश में लोगों को सट्टेबाजी वाले आनलाइन गेम्स के कारण सालाना 20 हजार करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ रहा था। इन हालात में इस पर जोर देना ठीक नहीं कि आनलाइन मनी गेम्स पर पाबंदी लगाने से सरकार को राजस्व का नुकसान होने के साथ ही हजारों नौकरियां भी जाएंगी। फौरी तौर पर कुछ नौकरियां अवश्य जाएंगी, लेकिन क्या राजस्व के लोभ में सरकार एक अनैतिक और हानिकारक धंधे की अनदेखी कर दे? आखिर इस आवश्यक पहलू पर विचार क्यों नहीं किया जाता कि आनलाइन मनी गेम्स के कारण लोगों के जो हजारों करोड़ों रुपये बर्बाद हो रहे थे, वे अब उनके काम आएंगे और इसका लाभ किसी न किसी रूप में देश की अर्थव्यवस्था को भी मिलेगा।

# महिलाओं का सशक्तिकरण एक बहु-आयामी अवधारणा है

विजय गर्ग

महिला सशक्तिकरण एक ऐसी प्रक्रिया है जो महिलाओं और लड़कियों को रणनीतिक जीवन विकल्प बनाने और उनकी सामाजिक स्थिति में सुधार करने की शक्ति और नियंत्रण प्रदान करती है। इसका उद्देश्य महिलाओं को जीवन के सभी पहलुओं में अवसरों, संसाधनों और अधिकारों तक समान पहुंच प्रदान करके लैंगिक विषमताओं को खत्म करना है। महिला सशक्तिकरण का तात्पर्य पुरुषों और महिलाओं के बीच सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक विषमताओं को समाप्त करने की प्रक्रिया से है। इस शब्द ने 19 वीं शताब्दी में प्रमुखता प्राप्त की, सशक्तिकरण के साथ शक्ति को सक्षम करने या प्रदान करने के कार्य को दशार्ता है। सदियों से, महिलाओं को दुनिया भर में कमजोर लिंग माना जाता रहा है। भारत के स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद भी, महिलाओं को समान सामाजिक-आर्थिक स्थिति से वंचित रखा गया। इसे संबोधित करने के लिए, भारत सरकार और विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों दोनों ने समाज में महिलाओं के समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए पहल की है। महिला सशक्तिकरण के प्रकार महिला सशक्तिकरण एक बहुआयामी अवधारणा है जिसे पांच प्रमुख प्रकारों में तोड़ा जा सकता है:

सामाजिक सशक्तिकरणः यह प्रकार महिलाओं की सामाजिक स्थिति और संबंधों को बेहतर बनाने पर केंद्रित है। यह पारंपरिक पितृसत्तात्मक मानदंडों, भेदभाव और हानिकारक प्रथाओं को चुनौती देता है ताकि महिलाओं को अपने स्वास्थ्य, विवाह और जीवन शैली के बारे में स्वतंत्र निर्णय लेने का अधिकार मिल सके।

शैक्षिक सशक्तिकरणः यह एक मूलभूत प्रकार है जो लड़कियों और महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच प्रदान करता है। आत्मविश्वास बढ़ाने, आत्मनिर्भरता में सुधार और



महिलाओं को सामाजिक और राजनीतिक जीवन में सक्रिय रूप से भाग लेने में सक्षम बनाने के लिए शिक्षा महत्वपूर्ण है।

आर्थिक सशक्तिकरणः इसमें महिलाओं को आर्थिक संसाधनों, रोजगार और उद्यमशीलता के अवसरों तक समान पहुंच प्रदान करना शामिल है। वित्तीय स्वतंत्रता महिलाओं को अपने अधिकारों का दावा करने, अपने निर्णय लेने और अपने घर और समुदाय की आर्थिक भलाई में योगदान करने की अनुमति देती है।

राजनीतिक सशक्तिकरणः यह प्रकार सुनिश्चित करता है कि महिलाओं को राजनीतिक प्रक्रियाओं में भाग लेने का अधिकार और क्षमता हो। इसमें शासन, मतदान और सार्वजनिक कार्यालय में एक कहना शामिल है, जो उन नीतियों को आकार देने में मदद करता है जो महिलाओं के लिए फायदेमंद हैं।

मनोवैज्ञानिक सशक्तिकरणः यह महिलाओं के आत्मसम्मान और आत्मविश्वास के निर्माण के बारे में है। यह उन्हें सामाजिक और सांस्कृतिक वर्जनाओं को दूर करने और समाज में उनसे जो उम्मीद की जाती है उसे चुनौती देने का साहस हासिल करने में मदद करता है। महिला सशक्तिकरण को प्राप्त करने में कठिनाइयाँ प्रगति के बावजूद, महत्वपूर्ण चुनौतियां विश्व स्तर पर महिला सशक्तिकरण में बाधा डालती हैं। कुछ प्रमुख कठिनाइयों में शामिल हैं:

सांस्कृतिक और सामाजिक मानदंडः गहराई से अंतर्वर्धित पितृसत्तात्मक विश्वास और सामाजिक रीति-रिवाज अक्सर महिलाओं की भूमिकाओं को निर्धारित करते हैं, उनकी स्वतंत्रता और अवसरों को सीमित करते हैं। बाल विवाह, महिला जननांग विकृति और दहेज जैसी प्रथाएं अभी भी दुनिया के कई हिस्सों में प्रचलित हैं।

आर्थिक असमानताः महिलाओं को अक्सर एक महत्वपूर्ण वेतन अंतर, व्यावसायिक अलगाव और वित्तीय संसाधनों और संपत्ति के स्वामित्व तक सीमित पहुंच का सामना करना पड़ता है। यह आर्थिक असमानता उनके लिए वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करना और गरीबी के चक्र से बचना मुश्किल बना देती है।

शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच की कमीः गरीबी, सांस्कृतिक परंपराओं या प्रारंभिक विवाह के कारण लाखों लड़कियों को शिक्षा तक पहुंच से वंचित किया जाता है। इसके अतिरिक्त, महिलाओं को अक्सर खराब स्वास्थ्य सुविधाओं का सामना करना पड़ता है, विशेष रूप से प्रजनन स्वास्थ्य से संबंधित।

लिंग आधारित हिंसाः यह एक व्यापक मुद्दा है जिसमें घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न और मानव तस्करी शामिल हैं। महिलाओं के खिलाफ हिंसा की उच्च दर असुरक्षा और भय की निरंतर भावना पैदा करती है, जिससे सार्वजनिक जीवन में पूरी तरह से भाग लेने की उनकी क्षमता बाधित होती है।

सीमित राजनीतिक प्रतिनिधित्वः महिलाओं को अक्सर राजनीतिक नेतृत्व और निर्णय लेने वाले निकायों में कम प्रतिनिधित्व दिया जाता है। प्रतिनिधित्व की इस कमी का मतलब है कि उनकी अनूठी जरूरतों और दृष्टिकोणों को अक्सर नीति और कानून में पर्याप्त रूप से संबोधित नहीं किया जाता है।

महिलाओं के खिलाफ हिंसा महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा सबसे व्यापक मानवाधिकार उल्लंघनों में से एक है। यह महिलाओं की शारीरिक, भावनात्मक और सामाजिक भलाई को गंभीर रूप से प्रभावित करता है, जिससे लैंगिक समानता प्राप्त करने में बाधाएं पैदा होती हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (ठउफइ) के आंकड़ों से 2021 में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 15.3% की वृद्धि हुई है। घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, तस्करी और ऑनर किलिंग महिलाओं की स्वतंत्रता और गरिमा को कमजोर करती रहती हैं।

महिलाओं के खिलाफ हिंसा के प्रकार महिलाओं के खिलाफ हिंसा कई रूप लेती है, सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक सीमाओं को काटती है। महिलाओं के खिलाफ हिंसा के सबसे प्रचलित प्रकारों में से कुछ हैं:

घरेलू हिंसाः सबसे व्यापक रूपों में से एक, घरेलू हिंसा में एक अंतरंग साथी द्वारा मौखिक, गैर-मौखिक, शारीरिक, यौन, भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक दुर्व्यवहार शामिल हैं। महिला शिशु / महिला हत्याः यह एक लड़की के बच्चे की जानबूझकर हत्या को संदर्भित करता है, या तो जन्म से पहले (सेक्स-चयनात्मक गर्भपात के माध्यम से) या जन्म के बाद, सिर्फ इसलिए कि वह महिला है। ऑनर किलिंगः ऑनर किलिंग में अपने ही परिवार के सदस्यों द्वारा एक महिला की हत्या शामिल है

# वैज्ञानिक को शुरूआती सबूत मिलते हैं कि ऋग्वेद ने भारत के बाहर सभ्यताओं को प्रभावित किया

ऋग्वेद और इसके छंद, इसके संगीत नोट्स और ताल, अन्य सभ्यताओं तक पहुंचे और उन्हें कांस्य युग की अन्य संस्कृतियों में साझा किया गया। एक वैज्ञानिक ने इस बात का प्रमाण पाया है कि भूमध्य सागर में लिखे गए 3,000 वर्षीय भजन में वैदिक छंदों के साथ समानता है। कैलिफोर्निया में वैज्ञानिकों ने शुरूआती प्रमाणों में से एक पाया है कि वैदिक संस्कृति भारत तक सीमित नहीं थी। साक्ष्य संगीत में निहित है, जैसा कि एक अध्ययन में बताया गया है कि 3,000 साल पहले भूमध्य सागर के पूर्वी तट पर लिखा गया एक भजन ऋग्वेद के साथ हड़ताली समानताएं साझा करता है, जो सबसे पुराने भारतीय पवित्र ग्रंथों में से एक है। दान सी। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, सांता बारबरा के बीऔऐसीआईयु, प्रीप्रींट.उआरजी सर्वर पर अपने तुलनात्मक विश्लेषण प्रकाशित किया। उनका कहना है कि उगारित और ऋग्वेद की आयतों में लिखे गए निक्कल के भजन ने एक ही ताल, या बार-बार मधुर या लयबद्ध इकाइयों को साझा किया। शोधकर्ता ने काम के दो निकायों के बीच समानताएं खींचने के लिए कंप्यूटर की सहायता प्राप्त लय और मेलोडी मैपिंग का उपयोग किया। उन्होंने अपने अध्ययन में लिखा है कि पाँच ऋग्वेद में से एक आयत उसी ताल के साथ समाप्त होती है जो भजन से लेकर निक्कल तक होती है। यह पेचीदा बनाता है कि, उसके अनुसार, दुर्घटना से होने वाली इस बाधाओं को एक मिलियन में एक से कम है। भूमध्य सागर में लिखे गए एक में, दो ताल हैं - एक सरल और दिल की धड़कन की तरह, और एक और जटिल बीऐसीआईयु का कहना है कि दोनों मॉडल ऋग्वेद के छंदों में भी मौजूद हैं, एक सबसे अधिक बार समाप्त होने वाले छंदों के साथ और दूसरा त्रिशुभ मीटर से निकटता से जुड़ा हुआ है, संगीत से जुड़े राज्य, सभ्यताओं के समाप्त होने के बाद भी जीवित रहे जबकि उनमें से एक सरल है, दूसरा जटिल है, और बासीयू का कहना है कि यह जानबूझकर किया गया था। साझा लय के अलावा, गूँजती हुई मधुर प्रवृत्तियाँ भी हैं, जिन्हें ₹ऋग्वेद पर प्राचीन टिप्पणीकारों ने उच्चारण सिलेबल्स पर बढ़ते और उसके बाद गिरने के रूप में वर्णित किया।₹ एक डिजिटल पुनर्निर्माण से पता चला कि दो टुकड़े कितने चौंकाने वाले थे। बासीयू की खोज से पता चलता है कि संगीत को विभिन्न संस्कृतियों में साझा किया गया था और शाही फरमान और राजनीतिक गठबंधनों की तुलना में तेजी से फैल गया था। वास्तव में, राज्यों के गायब होने के बाद भी, संगीत कायम रहा। उगारिट ने मेसोपोटामियन और अनातोलियन संस्कृतियों को जोड़ा, और इतिहासकारों का कहना है कि मितानी साम्राज्य ने उगारित और भारत के बीच एक सांस्कृतिक पुल के रूप में कार्य किया। माना जाता है कि इस कांस्य युग के राज्य ने उस चैनल के रूप में काम किया है जिसके माध्यम से वैदिक परंपराओं और संगीत रूपों का आदान-प्रदान किया गया था। यह भी पढ़ें: मास्की शिलालेख के 110 साल बाद, कर्नाटक शहर में 4,000 साल पुरानी मानव बस्ती मिली ऋग्वेद संगीत ताल ग्रीक कविता तक पहुंचा बासीयू ने अपने पेपर में लिखा, ₹मितानी ने हमें दो उपहार छोड़ दिए। भारत के बाहर वैदिक संस्कृति का पहला प्रमाण है। दूसरा यह भजन है, जो दशार्ता है कि कैसे संगीत सभ्यताओं को एकजुट करने में सक्षम था।₹ उनका कहना है कि संगीत की ताल फैलती चली गई, सैकड़ों साल बाद ग्रीक गीत की कविता में इसी तरह के पैटर्न देखे जा रहे थे. साफो के काम, यूरोपीय साहित्य के टुकड़े, और 1801 में जर्मन कवि फ्रेडरिक हॉल्डरलिन के छंद सभी एक ही संगीत पैटर्न ले जाते हैं। बासीयू के शोध से पता चलता है कि संगीत पहली वैश्विक भाषा थी, और उन धारणाओं को चुनौती देता है जो सभ्यता अलगाव में मौजूद थीं।

# चौक मण्डल भाजपा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया



भारत संवाद

प्रयागराज। भाजपा चौक मण्डल की बैठक में भाजपा उपाध्यक्ष अनिल केशरवानी (झल्लर जी) की उपस्थिति में हुई जिसमें उन्होंने 6 प्रमुख कार्यक्रम को लेकर लोगों को जागरूक किया जिनमें पार्टी का स्थापना दिवस , अंबेडकर जयंती, श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म दिवस, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी के कार्यक्रम ,पंडित अटल बिहारी बाजपेई जी के जयंती एवं अंतिम एकलव्य दिवस के साथ पार्टी नियमित रूप से करती हैं चौक मंडल द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा की सराहना किया तथा कैबिनेट मंत्री श्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी जी का विशेष सहयोग और महापौर गणेश केशरवानी तथा पूर्व महापौर श्रीमती अभिलाषा गुप्ता नंदी की जिला अध्यक्ष संजय गुप्ता जी की सराहना किया कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को भी सराहा चौक मण्डल के अध्यक्ष सुमित वैश्य के कार्यों की सराहना करते हुए सभी पदाधिकारियों का माल्यार्पण और जय श्री राम का पट्टा पहना कर स्वागत किया जिसमें बचपन गुप्ता मनमोहन मिश्रा मयंक अग्रवाल कुमकुम श्रीवास्तव पण्डित अनूप मिश्रा गुड्डू कनौजिया, माशु अब्बास नकवी, धीरज श्रीवास्तव, मधुसुदन निषाद अवधेश निषाद राम जी हेला रत्नेश यादव, शिल्पी मालवीय हरिप्रसाद सिंह मीडिया प्रभारी अरविन्द पाण्डेय सोशल मीडिया प्रभारी शास्वत मिश्रा आशीष केशरवानी सौरभ शर्मा रेनू चौरसिया संतोष जायसवाल वार्ड अध्यक्ष नारायण सिंह नगर पंकज मालवीय, अतुल खन्ना राजेश केसरवानी विजय कुशवाहा जूही श्रीवास्तव विकाश द्विवेदी नितिन श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

# धन धन साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रकाश पर्व आस्था श्रद्धा से मनाया गया।

## श्री गुरु ग्रंथ साहिब में दर्ज श्लोक हमें विश्व बंधुत्व का संदेश देते हैं।

भारत संवाद



प्रयागराज/गुरुद्वारा साहिब अलोपीबाग मे धन धन साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रथम प्रकाश उत्सव मे प्रातः काल से ही सगत गुरुद्वारे में बड़ी श्रद्धापूर्वक के साथ श्री गुरू ग्रंथ साहिब जी के आगे माथा टेक कर पंक्तिबद्ध बैठकर कथा कीर्तन एवं व्याख्यान का श्रवण करती रही। गुरुद्वारा प्रधान परमजीत सिंह बग्गा ने कहा कि आज्ञा भई अकाल की, तबै चलायो पंथ ।सब सिखन को हुक्म है गुरू मानयो ग्रन्थ ।। गुरू ग्रंथ जी मानिआहु, प्रगट गुरां की देह ।।जो प्रभु को मिलबो चहै, खोज शब्द मै लेह ।। आइये, हम सभी श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात कर राष्ट्र की उन्नति एवं समाज के उत्थान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।श्री गुरु ग्रंथ साहिब में दर्ज श्लोक हमें विश्व बंधुत्व का संदेश देते हैं।हम सब मिलकर गुरबाणी के सिद्धांतों पर चलने का प्रयास करें। सिख सेवा संगम के प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने कहा कि विश्व को समरसता और मानवता के प्रति समर्पण की शिक्षाएं सदैव बेहतर समाज की दिशा में हमारा मार्गदर्शन का संदेश देने वाले श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रकाश पर्व की सभी भाई-बहनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। प्रकाश पर्व पर स्वर्गवासी सरदार बलवंत सिंह बग्गा के परिवार की तरफ से अखंड पाठ शुक्रवार दिनांक 22.8.2025 से आरंभ हुआ जिसकी संपूर्णता रविवार दिनांक 24.8.2025 को गुरुद्वारा साहिब अलोपीबाग में बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ कथा कीर्तन एवं व्याख्यान तत्पश्चात अरदास, हुक्मनामा उपरांत गुरु का अटूट लंगर वितरित हुआ।जिस मे बड़ी संख्या में सर्व धर्म के लोग उपस्थित रहे और गुरु का अटूट लंगर छका।इस अवसर पर गुरुदीप सिंह सरना,परमजीत सिंह,सरदार पतविंदर सिंह,कुलदीप सिंह बग्गा,परमिंदर सिंह बंटी,मनु चावला,बलजीत सिंह,लखविंदर सिंह,राजेंद्र सिंह ग्रोवर,गुरबख्श सिंह,जसवीर सिंह,मनप्रीत कौर, हरजीत सिंह कथुरिया,त्रिलोचन सिंह बग्गा,मनजीत सिंह खालसा,सतेंद्र सिंह पूरी,हरजिंदर सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित होकर तन मन धन से सेवा की। वहीं दूसरी और नैनी गुरुद्वारा सगत मे धन धन साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रथम प्रकाश पर्व पर सगत प्रातः काल से ही गुरुद्वारे में श्रद्धापूर्वक पहुंच कर श्री गुरू ग्रंथ साहिब जी के आगे माथा टेक कर पंक्तिबद्ध बैठकर कथा कीर्तन एवं व्याख्यान का श्रवण करती रही।श्री गुरु ग्रंथ साहिब के प्रकाश उत्सव के अवसर पर गुरुद्वारे को फूलों और रोशनी दीपमाला सहित रंग-बिरंगे और सुगंधित फूलों से भव्य रूप से सजाया।

फास्ट ट्रैक

# थाना को0कटरा पुलिस द्वारा एक नफर वारण्टी गिरफ्तार

भारत संवाद

सोमेन बर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना को0कटरा पुलिस द्वारा एक नफर वारण्टी को गिरफ्तार किया गया । आज दिनांक24.08.2025 को उप-निरीक्षक लल्लन यादव मय पुलिस टीम द्वारा एक नफर वारण्टी नईम पुत्र बदरुद्दीन निवासी रतनगंज चौक के पास थाना को0कटरा जनपद मीरजापुर को उसके घर से गिरफ्तार कर मा0न्यायालय में प्रस्तुत किया गया ।

# थाना चील्ह पुलिस द्वारा 01.300 किग्रा अवैध गांजा के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

भारत संवाद

सोमेन बर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही तथा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये हैं । उक्त निर्देश के अनुक्रम में दिनांकः23.08.2025 को उप-निरीक्षक अरविन्द कुमार गुप्ता चौकी प्रभारी चेतगंज मय पुलिस टीम द्वारा थाना चील्ह क्षेत्रान्तर्गत जगापट्टी तिराहा के पास से अभियुक्त अमन सिंह पुत्र सुदर्शन सिंह उर्फ घंघाडे निवासी सेमरा थाना चील्ह जनपद मीरजापुर को झोले में रखे 01.300 किग्रा अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया ।गिरफ्तार अभियुक्त अमन सिंह उपरोक्त द्वारा पूछताछ में बताया गया कि वह मौके से बरामद गांजे को अपने घर ले जाकर छोटी-छोटी पुड़िया में भरकर इधर-उधर घूम कर बेचता कि पकड़ लिया गया । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चील्ह पर मु0अ0सं0-199/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को मा0न्यायालय/जेल भेजा गया ।

# प्रोजेक्ट मिलन के तहत परिवार परामर्श केन्द्र मीरजापुर को मिली बड़ी सफलता, काउंसिलिंग के माध्यम से 10 बिछड़े दम्पत्तियों को मिलाया गया

भारत संवाद

सोमेन बर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर के निर्देशन में जनपद में चलायें जा रहे प्रोजेक्ट मिलन में महिला परिवार परामर्श केन्द्र मीरजापुर को बड़ी सफलता मिली है ।आज दिनांक 24.08.2025 को जनपद मीरजापुर के विभिन्न थाना क्षेत्रों के 10 बिछड़े दम्पत्तियों को परिवार परामर्श केन्द्र में हुई काउन्सिलिंग के माध्यम से एक साथ रहने हेतु राजी कर लिया गया ।उक्त विवाहित दम्पत्ति विभिन्न कारणों से अलग-अलग रह रहे थे । परिवार परामर्श केन्द्र, मीरजापुर में प्रोजेक्ट मिलन काउंसिलिंग में होने वाली समस्त कार्यवाही के दौरान महिला उप निरीक्षक रीता यादव, महिला उप-निरीक्षक उषा सिंह, महिला मुख्य आरक्षी-सावित्री देवी व महिला आरक्षी सपना एवं सदस्यगण डा0कृष्णा सिंह, निर्मला राय व कृष्ण कुमार श्रीवास्तव मौजूद रहें ।

# आल इंडिया स्माल एंड मीडियम न्यूज पेपर फेडरेशन का महाअधिवेशन गोरखपुर में संपन्न

## राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा शोएब अहमद को दी गई उत्तर प्रदेश अध्यक्ष की नई जिम्मेदारी।

**☛ प्रिंट मीडिया ही सत्यता का वास्तविक आईना, खबरों की पुष्टि पर आज भी जन-मानस में प्रिंट मीडिया पर विश्वास कायम-सरदार गुरिंदर सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष।**








भारत संवाद

गोरखपुर।आल इंडिया स्माल एंड मीडियम न्यूज पेपर फेडरेशन नई दिल्ली के नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष शोएब अहमद द्वारा गोरखपुर में आल इंडिया स्माल एंड मीडियम न्यूज पेपर फेडरेशन तथा एफीडेविट के संयुक्त तत्वावधान में, तत्कालीन परिस्थितियों में वर्तमान मीडिया की भूमिका 'विषय पर एक भव्य एक दिवसीय सेमिनार काआयोजन इस्लामिया कालेज आफ कामर्स बक्शीपुर गोरखपुर के आडिटोरियम हाल में किया गया । जिसमें संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्यों ने अलग अलग प्रांत से अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। नवनियुक्त अध्यक्ष द्वारा सभी को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के वरिष्ठ सदस्य सरदार गुरिंदर सिंह ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा तत्कालीन परिस्थितियों में मीडिया के सामने तमाम चुनौतियां खड़ी हो गई है ऐसी स्थिति में भी मीडिया ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन बड़ी ईमानदारी और निष्ठा से किया है , छोटे और मझोले अखबारों पर आए दिन सरकार द्वारा अतिरिक्त दबाव बनाया जा रहा है जिससे इन पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं किन्तु हमारा संगठन इनकी सुरक्षा और अस्तित्व हेतु सदैव संकल्पबद्ध है इनकी सुरक्षा हेतु हरसंभव प्रयास हम करते रहेंगे, सरकारों का क्या आज कोई कल कोई आती जाती रहेंगी इससे हमारा संघर्ष और मजबूत होगा, हम अपने उद्देश्य और लक्ष्य के प्रति दृढ़तापूर्वक डटे रहेंगे। राजस्थान के प्रांतीय अध्यक्ष एवं पीसीआई के भूतपूर्व सदस्य डॉ एल सी भारती ने अपने वक्तव्य में कहा पैंतीस साल के पत्रकारिता जीवन में हमने बहुत उतार चढ़ाव देखे,पहले हमारी पहचान अलग थी शासन प्रशासन में हमारी अलग पहचान थी अब दौर बदल गया है अब लोग नजर फेरते हैं। ऐसे में हमें संगठित होकर अपने आपको मजबूत करने की आवश्यकता है अन्यथा यही रवैया बरकरार रहेगा जो अच्छा संकेत नहीं है।उड़ीसा के प्रांतीय अध्यक्ष एवं पीसीआई सदस्य सुधीर कुमार पांणा ने कहा अखबारों की संख्या में एकाएक बहुत तेज बढ़ोतरी हुई है यही कारण है कि भीड़ ने संघर्ष बढ़ा दिया है अब तो यह स्थिति है विज्ञापन में डीएवीपी द्वारा छोटे और मझोले अखबारों का विज्ञापन ही बंद कर दिया है तो ऐसे स्थिति में संघर्ष का उत्पन होना स्वाभाविक है।इसी क्रम में राजस्थान से आए बीएम शर्मा पीसीआई सदस्य एवं संगठन के महासचिव अशोक कुमार नवरतन ने भी अपने विचार व्यक्त किए।महासचिव ने कहा अखबारों पर संकट का प्रमुख कारण जीएसटी है यदि इसको जीएसटी मुक्त कर दिया जाए तो अपने आप सब ठीक हो जाएगा हमारा संगठन पैसे से बहुत कमजोर है ।इसलिए सभी प्रकाशक यदि सहयोग करें तो हमारा संगठन इसकी लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। संगठन के उ प्र के महासचिव नीरज मुरदाब से शौरभ वार्ष्णेय दिल्ली से ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में प्रयागराज से संगठन के आजीवन सदस्य अनिल त्रिपाठी एवं परवेज आलम, लखनऊ से अनिल सिंह और कई प्रकाशक विजय शाहू अर्चना गुप्ता , मनोज मिश्र, पंकज शर्मा योगेश दीक्षित तथा गोरखपुर के स्थानीय पत्रकार बंधुओ के साथ ही कालेज प्रबंधन एवं स्टाफ मौजूद रहा।

# ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी बनाएगा मुक्त विश्वविद्यालय -प्रोफेसर सत्यकाम

**पूरे प्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए निःशुल्क कोर्स**

भारत संवाद



उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को उच्च शिक्षा प्रदान कर उन्हें स्वावलंबी बनाएगा, जिससे वह अपने पैरों पर खड़े हो सकें। यह बीड़ा उठाया है प्रदेश के एकमात्र मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने। कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने रविवार को बताया कि मुक्त विश्वविद्यालय यह प्रयत्न कर रहा है कि उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में कोई भी महिला उच्च शिक्षा से वंचित न रह जाए। इसके लिए लगातार इंटर कॉलेजों, पंचायतों और आंगनबाड़ियों से संपर्क स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने सभी को शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से ही माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश से एम ओ यू किया है। जिससे इंटरमीडिएट उत्तीर्ण शिक्षार्थियों के आंकड़े प्राप्त कर विश्वविद्यालय महिला विद्यार्थियों तक अपनी पहुंच बनाएगा। कुलपति ने जानकारी दी कि विश्वविद्यालय ने पहल करते हुए प्रोत्साहन देने और आकर्षित करने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए बाल विकास एवं पोषण में डिप्लोमा कार्यक्रम प्रारंभ किया है। जो उनके लिए मुफ्त में उपलब्ध होगा। ज्ञात हो कि पूरे उत्तर प्रदेश में आंगनबाड़ी केन्द्रों की संख्या लगभग 1 लाख 89 हजार है। कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने इस डिप्लोमा में निःशुल्क प्रवेश लेने के लिए सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का आह्वान किया है। प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि यह एक सामाजिक एवं राष्ट्रीय दायित्व है। जिसके लिए मुक्त विश्वविद्यालय कृत संकल्पित है। विश्वविद्यालय यह चाहता है कि प्रदेश की प्रत्येक महिला जो इंटरमीडिएट उत्तीर्ण है वह उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में प्रवेश ले और अपने को समर्थ और सशक्त बनाए।

कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि बिटिया पढ़ेगी तो समर्थ होगी। वह सशक्त होगी तो दहेज के लिए जलाई नहीं जाएगी। उन्होंने अभी हाल में ग्रेटर नोएडा में हुई एक दर्दनाक घटना का जिक्र करते हुए कहा कि वहां दहेज के लिए एक बिटिया को जला दिया गया। यह घटना कदापि न होती यदि वह बिटिया समर्थ और सशक्त होती।

# प्रधानमंत्री 25-26 अगस्त को गुजरात का दौरा करेंगे

- प्रधानमंत्री अहमदाबाद में 5,400 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण करेंगे
- परियोजनाएँ कई क्षेत्रों को कवर करती हैं: शहरी विकास, ऊर्जा, सड़क और रेलवे

भारत संवाद

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी 25-26 अगस्त को गुजरात के दौरे पर रहेंगे। वह 25 अगस्त को शाम लगभग 6 बजे अहमदाबाद के खोडलधाम मैदान में 5,400 करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वह एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। 26 अगस्त को सुबह लगभग 10:30 बजे, प्रधानमंत्री अहमदाबाद के हंसलपुर में हाइब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोड के स्थानीय उत्पादन का उद्घाटन करेंगे और 100 देशों को बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्यात को हरी झंडी दिखाएंगे। इस अवसर पर वहां उपस्थित जनसमूह को भी संबोधित करेंगे। विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रधानमंत्री 1,400 करोड़ रुपये से अधिक की कई रेलवे परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसमें 530 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 65 किलोमीटर महेसाणा-पालनपुर रेल लाइन का दोहरीकरण, 37 किलोमीटर कलोल-कडी-कटोसन रोड रेल लाइन का आमान परिवर्तन और 860 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 40 किलोमीटर बेचराजी- रानुज रेल लाइन शामिल हैं। ब्रॉड-गेज क्षमता बढ़ने से, ये परियोजनाएं क्षेत्र में सुगम, सुरक्षित और अधिक निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेंगी। इससे क्षेत्रीय आर्थिक एकीकरण को बढ़ावा देते हुए दैनिक यात्रियों, पर्यटकों और व्यवसायों के लिए यात्रा में काफी आसानी होगी। इसके अलावा, कटोसन रोड और साबरमती के बीच यात्री ट्रेन को हरी झंडी दिखाने से धार्मिक स्थलों तक बेहतर पहुंच उपलब्ध होगी ।

# हिंदी साहित्य सम्मेलन का अगला अधिवेशन सोमनाथ में

## राष्ट्रभाषा के प्रश्न पर गांधी-टंडन का विवाद मात्र लिपि को लेकर - प्रो सूर्यप्रसाद दीक्षित

भारत संवाद



प्रयागराज;२४ अगस्त। हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग के सभापति और सुप्रसिद्ध साहित्यकार प्रो सूर्यप्रसाद दीक्षित ने कहा है कि राष्ट्रभाषा के सवाल पर महात्मा गाँधी और राजर्षि पुरुषोत्तम दास टण्डन के बीच मतभेद मात्र लिपि को लेकर था। गांधी जी भी प्रारम्भ में हिन्दी को ही राष्ट्रभाषा बनाने के पक्षधर थे और इस बात की स्वीकृति उन्होंने सम्मेलन के दो अधिवेशनों में सभापति के आसन से दी थी। प्रो दीक्षित ने उक्त उद्गार आज यहाँ हिन्दी साहित्य सम्मेलन परिसर में आयोजित सम्मेलन की स्थायीसमिति की बैठक में व्यक्त की। उन्होंने कहा कि उक्त दोनों मनीषियों के बीच मतभेद राजनीतिक कारणों से हुई, गांधी जी ने हिंदुस्तानी की वकालत की और देवनागरी के साथ उर्दू लिपि को अपनाने का समर्थन किया। टंडन जी इस मत के विपरीत थे। सम्मेलन की कार्य समिति और स्थायी समिति ने हिंदी साहित्य सम्मेलन का अगला अधिवेशन ८ से १० मार्च, २०२६ को सोमनाथ (गुजरात) में करने का निर्णय किया। सम्मेलन के प्रधानमंत्री श्री कुन्तक मिश्र ने अधिवेशन स्थल की जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष होने वाले सम्मेलन के अधिवेशनों की अपनी विशिष्ट गरिमा और पहचान है। प्रायः यह अधिवेशन हिन्दीत्तर क्षेत्रों में आयोजित किये जाते रहे हैं। इन अधिवेशनों में देश भर से हिन्दी सेवी शामिल हुआ करते हैं। श्री कुंतक मिश्र ने जानकारी दी कि सोमनाथ अधिवेशन में उद्घाटन सत्र के अलावा साहित्यपरिषद, राष्ट्रभाषापरिषद और समाजशास्त्रपरिषद नाम से वैचारिक सत्र के अतिरिक्त सम्मान सत्र भी होंगे। सम्मेलन के सहायकमंत्री श्री श्यामकृष्ण पाण्डेय ने आज की बैठकों का संचालन करते हुए बताया कि सोमनाथ अधिवेशन के साहित्यपरिषद में प्रो कुमुद शर्मा, डॉ नंदकिशोर पाण्डेय, डॉ त्रिभुवननाथ शुक्ल को आमंत्रित करने का निर्णय किया गया। इसी तरह राष्ट्रभाषापरिषद के लिए डॉ सत्यकाम, डॉ नवीनचंद्र लोहानी और डॉ करुणाशंकर उपाध्याय के नाम प्रस्तावित किए गए। समाजशास्त्रपरिषद के लिए प्रो हरिशंकर उपाध्याय, प्रो गिरीश्वर मिश्र और प्रो सीताराम दुबे प्रस्तावित वक्ता होंगे।

प्रतीक

गुरु ग्रंथ साहिब विश्व बंधुत्व, अखंडता एवं एकता का अनुपम प्रतीक

# श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रकाश पर्व पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनायें

- श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी, प्रकाश पर्व कर्तव्य और उत्तरदायित्व की पुकार का महोत्सव
- सच्चा धर्म मानवता की सेवा : स्वामी चिदानन्द सरस्वती

भारत संवाद



ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन से श्री गुरू ग्रंथ साहिब जी के प्रकाश पर्व शुभकामनायें देते हुये स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने अपने संदेश में कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की अमर वाणी में मानवता, करुणा और सत्य का संदेश निरंतर गूंजता है। आज का दिन मानवता की एकता, प्रेम और सेवा का उत्सव है। इस पवित्र अवसर उन महान गुरुओं को नमन जिन्होंने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के रूप में समस्त मानव समाज को एक शाश्वत दिव्य मार्गदर्शन प्रदान किया। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी समूची मानवता के लिए शांति और समरसता का अद्भुत घोषणापत्र है। इसमें किसी जाति, धर्म या संप्रदाय का भेदभाव नहीं है। इसमें एक ही स्वर है ह्लइक ओंकार सतनामह्व, अर्थात एक ही परमात्मा है, जो सत्य है, शाश्वत है और सबमें व्याप्त है। यह शिक्षा हमें बताती है कि सृष्टि की विविधता के बीच भी एकत्व ही वास्तविकता है। गुरु वाणी हमें करुणा, प्रेम, सेवा, विनम्रता और न्याय का मार्ग दिखाती है। यह संदेश जीवन के हर क्षेत्र में लागू होता है। आज जब दुनिया आतंक, युद्ध, जलवायु संकट, असमानता और स्वार्थ की आग से जूझ रही है, तब गुरु वाणी हमें शांति और समाधान का मार्ग दिखाती है। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी हमें याद दिलाते हैं कि सच्चा धर्म मानवता की सेवा में है। आज हम पर्यावरण संकट देख रहे हैं, ऐसे में गुरु वाणी हमें प्रकृति को ईश्वर का रूप मानकर उसकी रक्षा करने की प्रेरणा देती है। यदि समाज में विभाजन और असमानता है, तो गुरु वाणी हमें सबको समान दृष्टि से देखने और भाईचारे को बढ़ाने का मार्ग दिखाती है। आज की पीढ़ी, जो भौतिकता और प्रतिस्पर्धा में तनावग्रस्त है, उनके लिए गुरु वाणी आत्मिक शांति और संतुलन का स्रोत है। यह हमें सिखाती है कि वास्तविक सफलता दूसरों को पीछे छोड़ने में नहीं, बल्कि सबको साथ लेकर चलने में है। गुरु परंपरा का सबसे बड़ा योगदान है सेवा की संस्कृति। लंगर की परंपरा इसका सबसे सुंदर उदाहरण है। इसमें जाति, पंथ, रंग या भाषा का कोई भेद नहीं, सब एक साथ बैठकर भोजन ग्रहण करते हैं। यह एकता और समानता का जीता-जागता स्वरूप है। आज के समय में यदि समाज में असमानता और अलगाव है, तो हमें इस भावना को आत्मसात करना होगा। जब हर मनुष्य सेवा और करुणा की राह पर चलेगा, तभी वास्तविक प्रकाश फैलेगा।

श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रकाश पर्व हमें यह संकल्प दिलाता है कि हम अपने भीतर के अज्ञान और अहंकार का अंधकार मिटाएँ और अपने जीवन में सत्य, करुणा, प्रेम और सेवा के प्रकाश को धारण करें।

यह पर्व केवल श्रद्धा का विषय नहीं है, बल्कि कर्तव्य और उत्तरदायित्व की पुकार है। हमें एक ऐसे समाज और राष्ट्र का निर्माण करना है जहाँ कोई भूखा न रहे, कोई शोषित न हो और कोई भी अकेला महसूस न करे।

श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रकाश पर्व हमें बार-बार याद दिलाता है कि सच्चा प्रकाश बाहर की दीपावली या रोशनी में नहीं, बल्कि हमारे भीतर के आत्मज्ञान, करुणा और सेवा में है। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पावन वाणी का प्रकाश संसार में हर हृदय को आलोकित करे और मानवता को एकता और सद्भाव की राह पर अग्रसर करता रहे। प्रकाश पर्व की सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ!

# अशासकीय जूनियर भर्ती में व्यापक भ्रष्टाचार आया सामने -युवा मंच

## परीक्षा नियामक प्राधिकारी कार्यालय सचिव अनिल भूषण चतुर्वेदी पर कई भर्तियों में भ्रष्टाचार करने का आरोप-अनिल सिंह

भारत संवाद

प्रयागराज 24/08/2025 अशासकीय सहायता जूनियर भर्ती में व्यापक भ्रष्टाचार देखने को मिला युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष अनिल सिंह ने प्रेस को जारी बयान में बताया कि अशासकीय जूनियर भर्ती में व्यापक भ्रष्टाचार तब सामने आया जब माननीय न्यायालय में मुकदमा दर्ज कर न्याय की गुहार लगाई गई बता दें कि अशासकीय जूनियर शिक्षक भर्ती का विज्ञापन 2021 में जारी किया गया था जिसमें परीक्षा नियामक प्राधिकारी कार्यालय द्वारा व्यापक अनियमितता सामने आई तो छात्र इलाहाबाद हाईकोर्ट की शरण में पहुंचे तो परीक्षा नियामक प्राधिकारी कार्यालय ने शासन के हस्तक्षेप से पहली बार जारी परिणाम को निरस्त करते हुए पुनः मूल्यांकन कर संशोधित परिणाम जारी किया जिसमें लगभग 84000 अभ्यर्थियों को फेल कर दिया गया ज्यादातर छात्रों ने यह स्वीकार कर लिया कि चलो दूसरी भर्ती में किस्मत आजमाते हैं लेकिन कुछ अभ्यर्थियों ने माननीय न्यायालय में याचिका दाखिल कर न्याय की गुहार लगाई जिसमें सभी याचिकाएं खारिज हो गई लेकिन छात्रों ने फिर भी हार नहीं मानी और डबल बेंच में अपील दाखिल कर न्याय की उम्मीद से संघर्ष जारी रखा माननीय न्यायालय उन सभी याचिकाएं परीक्षा नियामक प्राधिकारी की दलील से खारिज हो गई है लेकिन प्रीति पाण्डेय की याचिका में जबाब मांगा गया जिसमें परीक्षा नियामक प्राधिकारी कार्यालय द्वारा जबाब लगाया गया और जबाब के साथ याचिका कर्ता की ओ एम आर सीट भी न्यायालय में प्रस्तुत की गई तो बड़ा खुलासा हुआ कि आलाधिकारियों ने इसी तरह हजारों प्रतियोगियों के भविष्य को वर्बाद कर दिया याची के अधिवक्ता हनुमान किंकर का कहना है कि प्रीति पाण्डेय के ओ एम आर में परीक्षा नियामक प्राधिकारी कार्यालय द्वारा दिए गये अंक को जोड़ने पर उसे 97+23 = 120 अंक मिले हैं लेकिन 119 नम्बर देकर फेल कर दिया गया है जो सचेतन किया गया है माननीय न्यायालय से हमें न्याय की पूरी उम्मीद है और परीक्षा नियामक प्राधिकारी के ऊपर कठोर कार्रवाई की जाए याची का मानसिक,आर्थिक उत्पीड़न हुआ है जिसे नकारा नहीं जा सकता साथ ही साथ परीक्षा नियामक प्राधिकारी कार्यालय सचिव से याचिका कर्ता के उत्पीड़न की भरपाई कराई जाए और किसी स्वायत्त एजेंसी से जूनियर भर्ती की पुनः परीक्षा कराई जाए क्योंकि परीक्षा नियामक प्राधिकारी कार्यालय द्वारा अभ्यर्थियों के ओ एम आर में बहुत छेड़छाड़ किया जा चुका है अब उन्हीं ओ एम आर के मूल्यांकन से अभ्यर्थियों को न्याय मिल पाना संभव नहीं है इसलिए तत्काल किसी दूसरी एजेंसी से पुनः परीक्षा कराई जाए जिससे पार्दर्शी व भ्रष्टाचार मुक्त भर्ती हो सके ।श्री सिंह का कहना है कि यह कोई नई बात नहीं है परीक्षा नियामक प्राधिकारी कार्यालय सचिव अनिल भूषण चतुर्वेदी के कार्य काल में 69000 प्राथमिक शिक्षक भर्ती में भी व्यापक भ्रष्टाचार देखने को मिला

# नारी शक्ति एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

भारत संवाद

सहारनपुर। महर्षि कश्यप पुस्तकालय (निशुल्क) के द्वितीय स्थापना दिवस पर नारी शक्ति एवं प्रतिभा छात्र सम्मान समारोह पर समाज के प्रतिष्ठित महिला पुरुषों व विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। रविवार को नुमाइश कैंप स्थित नवयुग पार्क में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम विकास अधिकारी रविन्द्र कश्यप व विनय कश्यप ने महर्षि कश्यप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। पुस्तकालय की टीम की ओर से अतिथियों को पटका व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही समाज के मेधावी छात्र छात्राओं को भी प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।महर्षि कश्यप पुस्तकालय अध्यक्ष अर्चना कश्यप ने शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि शिक्षा के बल पर देश की भावी पीढ़ी देश के विकास में योगदान दे सकती है। उन्होंने सम्मानित मेधावी छात्र-छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की।अध्यक्षता करते हुए लक्ष्मण दास कश्यप ने कहा कि बच्चे उच्च शिक्षा हासिल कर देश की तरक्की में



भागीदार बनें।संचालन अनिल कश्यप ने किया।पुस्तकालय टीम की अध्यक्ष अर्चना कश्यप, सुशील कश्यप, मनीष कश्यप,शीशपाल कश्यप, राजीव कश्यप, दीपक कश्यप आदि रहे।

# विशाल नगर कीर्तन का आयोजन किया गया

भारत संवाद

सहारनपुर। श्री गुरू ग्रंथ साहिब के प्रथम प्रकाश गुरपूरब के अवसर पर गुरूद्वारा श्री गुरू सिंघ सभा के तत्वावधान में विशाल नगर कीर्तन का आयोजन किया गया।

श्री गुरू ग्रंथ साहिब जी का पृथम प्रकाश भादोंसुदी 1 संवत 1661 मुताबिक सितंबर 1604 ईसवी में श्री अमृतसर साहिब में पांचवे पातशाह (गुरु) श्री गुरू अरजन देव जी द्वारा किया गया।उस समय पहले ग्रंथी बाबा बुढा जी बनाये गये, श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को उस समय पोथी साहिब कहा जाता था।श्री गुरू ग्रंथ साहिब जी में श्री गुरू नानक देव जी (974 शब्द एवं श्लोक)ए श्री गुरू अंगद देव जी (63 श्लोक),श्री गुरू अमरदास जी (907 पद एंव श्लोक) श्री गुरू रामदास जी (679 पद एवं श्लोक), श्री गुरू अरजन देव जी (2248 पद एवं श्लोक), श्री गुरू तेग बहादुर जी (115 पद एवं श्लोक) की बाणी दर्ज है। इसके अलावा भगत कबीर जी, भगत



जैदेव जीए भगत नामदेव जीए भगत रविदास जीए भगत त्रिलोचन जीए शेख फरीद जीए भगत रामानंद जीए भगत सना जीए भगत बेणी जीए भगत धंनना जीए भगत पीपा जीए भगत सेन जी। भारतीय इतिहास में पहली बार छोटी जाति में जन्में छागत जनों को को किसी उंची कुल/परिवार में जन्मे गुरु ने अपने बराबर की गुरू बाणी के साथ श्री गुरू ग्रंथ साहिब में शामिल किया गया है।इस के अलावा 11 भटों के स्वईये भी गुरू ग्रंथ साहिब में दर्ज है।

नगर कीरतन गुरुद्वारा संत भागमल जी देहरादून रोड से आरम्भ होकर घंटा घरए गुरू तेग बहादुर मार्ग, कुतुवशेर चैक, अम्बाला रोड, पटेल नगर, सुमाष नगर, अमर कुटीयाए गली माधो प्रसादए गुरुद्वारा रोड से गुरुद्वारा श्री गुरू सिंह सभा पर सम्पन्न हुआ। जगह जगह श्रद्धालुओं ने स्टाल लगाकर प्रसाद वित्तरित किया। नगर कीरतन के आयोजन का संचालन प्रधान स.सुजसवीर सिंघ, सीनीयर मीत प्रधान ,प्रगजोत सिंघ,प्रधान प्रमिन्द् सिंघ कोहली,जनरल सकत्तर अमनप्रीत सिंघ,मीत सकत्तर एछवप्रीत सिंघ,कोषाध्यक्ष प्रितीपाल सिंघ जुनेजा, करनदीप सिंघ, के साथ रनजीव सिंघ,हरेन्द्र सिंध चडढा, तजिन्द्र सिंघ डंग,ईन्द्रजीत सिंघ खालसा ,तीनों स्कूलों के प्रवन्धक सतविन्द्र सिंध माकन,गुरविन्द्र सिंध कालरा,जसवंतत सिंघ बतरा, एम0पी0सिंघ चावला, ईन्द्रप्रीत सिंघ चडढा,बलवीर सिंघ धीर, ईन्द्रजीत सिंघ बतरा, जगमोहन सिंघ,एजसवीर सिंघ बग्गा,दलजीत सिंघ बवेजा, हरप्रीत सिंघ,गुरदियाल सिंघ,बलवीर सिंघ भाटिया, परमजीत सिंघ चडढादीदार सिंघ सेठी रघुवीर सिंध ,ईन्दजीत सिंध गुरकिरपा,गुरमीत सिंघ शंटी,उपकार सिंघ सेठी, तरनजीत सिंघ,कंवलजीत सिंह बतरा एवं अन्य संगत द्वारा किया गया।

फास्ट ट्रैक

## नाबालिग का अपहर्ता गिरफ्तार

सहारनपुर। थाना तीतरो पुलिस टीम ने ग्राम ठोल्लाफतेहपुर से नाबालिग अपहर्ता को सीसीटीवी कैमरो की सहायता से जनपद लुधियाना (पंजाब) से सकुशल बरामद कर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।जानकारी के अनुसार 6 अगस्त को वादी की लिखित तहरीर बावत अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी की नाबालिक पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की सूचना के सम्बन्ध में थाना तीतरो पर तहरीर दी गयी।उच्चाधिकारियों के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार के कुशल नेतृत्व मे आज को थाना तीतरों पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में प्रभावी कार्यवाही करते हुए सीसीटीवी कैमरा फुटेज की सहायता से अपहर्ता नाबालिग लडकी को जनपद लुधियाना राज्य पंजाब से सकुशल बरामद करते हुये प्रकाश में आये वांछित अभियुक्त विक्की पुत्र स्व. संतोष पासवान हाल नि0 मौ. छावनी थाना डिवीजन न0 04 जनपद लुधियाना पंजाब मूल निवासी ग्राम मौर थाना मौकामा जनपद पटना बिहार को जनपद लुधियाना से गिरफ्तार किया गया ।गिरफ्तारी व अपहृता की बरामदगी/बयान के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 64(1)/87/137(2) बी0एन0एस व 3/4 पोक्सो अधिनियम की वृद्धि की गयी।पुलिस टीम में एसआई विकास तोमर, आरक्षी रविन्द्र कुमार, अमित कुमार, महिला आरक्षी मानवती शामिल रहे।

## अवैध स्मैक सहित एक शातिर नशा तस्कर गिरफ्तार

सहारनपुर। थाना कोतवाली मण्डी पुलिस ने एक शातिर नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 20 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है। एसएसपी के निर्देशन में मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम व नशे के कारोबार में लिप्त अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक श्री बीनू सिंह के कुशल नेतृत्व में आज चैकिंग के दौरान थाना कोतवाली मण्डी पुलिस टीम द्वारा मोहल्ला पत्थर वाला में खाली पड़े प्लाट से अभियुक्त दानिश पुत्र आशिक निवासी मोहल्ला झोटे वाला थाना मंडी जनपद सहारनपुर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 20 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पुलिस टीम में एसआई राहुल शर्मा, मुख्य आरक्षी राहुल त्यागी, कमल कौशिक शामिल रहे।

## पुलिस मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**एक अन्य हिस्ट्रीशीटर समेत तीन फरार, पुलिस टीम पर तमंचे से फायर का आरोप**

सुलतानपुर, पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। कोतवाली नगर थाने के प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में उपनिरीक्षक पंकज कुमार की टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी। हिस्ट्रीशीटर आदिल और मन्नान अपने दो साथियों के साथ नगर पालिका के पास मौजूद थे। पुलिस को देखते ही आरोपी भागने लगे। इस दौरान हिस्ट्रीशीटर आदिल ने पुलिस टीम पर तमंचे से फायर किया, जो मिस हो गया। पुलिस ने घेराबंदी कर मन्नान को पकड़ लिया, जबकि आदिल अपने दो साथियों के साथ फरार हो गया। पकड़े गए आरोपी ने अपनी पहचान मन्नान पुत्र जहीर उर्फ सन्नु, निवासी लोलेपुर, थाना कोतवाली नगर के रूप में की। उसके पास से एक बुलेट मोटरसाइकिल बरामद हुई, जिसके कागजात वह नहीं दिखा सका। मोटरसाइकिल को धारा 207 एमबी एक्ट के तहत सीज किया जाएगा। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं। पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास किया।

## बिजली बिल बढ़ने और कनेक्शन काटने से किसान नाराज

**गोसाईगंज थाने के सामने किसान की पंचायत, स्मार्ट मीटर से बिल 8 हजार तक बढ़ा**


सुल्तानपुर, जिले के गोसाईगंज थाना क्षेत्र में किसानों ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली के खिलाफ आवाज उठाई है। भारतीय किसान यूनियन (श्रमिक जनशक्ति) संगठन के पदाधिकारियों ने रविवार को थाने के सामने पंचायत की। कूरेभार ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डा कोरी के नेतृत्व में हुई मासिक बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई। किसानों का आरोप है कि बिजली कर्मी बिना नोटिस के कनेक्शन काट रहे हैं।

# मंगलवार हरितालिका तीज, बुधवार को मनायी जाएगी गणेश चतुर्थी

**अनेक शुभ योगों में इस बार गणेश जी की आराधना अत्यंत लाभकारी : स्वामी पूणार्नंदपुरी जी महाराज**

भारत संवाद

अलीगढ। भाद्रपद महीने के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हरतालिका तीज मनाई जाती है। इसके अगले दिन गणेश चतुर्थी महोत्सव का प्रारंभ होता है। ग्यारह दिनों तक चलने वाले गणेश उत्सव का आरंभ भी इसी दिन होता है। प्रायः प्रत्येक माह कृष्णपक्ष की चतुर्थी को श्री गणेश चतुर्थी का व्रत किया जाता है। इस तरह यह व्रत प्रतिवर्ष तेरह बार मनाया जाता है क्योंकि भाद्रपद में दोनों चतुर्थी में यह व्रत किया जाता है, शुक्लपक्ष में केवल भाद्रपद माह की चतुर्थी को ही पूजा की जाती है।इस बार आज 25 अगस्त दोपहर 12:34 मिनट से तृतीया तिथि प्रारंभ होकर अगले दिन 26 अगस्त दोपहर 01:54 मिनट तक रहेगी। ऐसे में कल हरितालिका तीज मनायी जाएगी। वैदिक ज्योतिष संस्थान के प्रमुख स्वामी श्री पूणार्नंदपुरी जी महाराज ने गणेश चतुर्थी के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि इस बार 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी पर्व मनाया जा रहा है,इस दिन प्रीति योग,सर्वार्थ सिद्धि,रवि योग और इंद्र ब्रह्म योग जैसे विशेष योग बन रहे है। इसके अलावा कर्क में ग्रहों के राजकुमार बुध और विलासिता के कारक शुक्र के होने से लक्ष्मी नारायण योग बना हुआ है। वहीं



इस तिथि पर बुधवार का महासंयोग होने से यह दिन कुछ विशेष राशि वालों के लिए अत्यंत शुभ रहेगा। भगवान गणेश की पौराणिक कथा के अनुसार गणों के अधिपति एवं प्रथम पूज्य श्री गणेश जी विघ्नहर्ता हैं, और आने वाले सभी विघ्नों को दूर कर देते हैं। शिवपुराण के रुद्रसंहिता खंड के अनुसार माता पार्वती ने अपने शरीर के उबटन से एक बालक की रचना की और उसे द्वारपाल बना दिया, और स्वयं स्नान करने चली गई जब भगवान शिव वापस लौटे और बालक ने उन्हें भीतर जाने से रोक दिया, तब शिव ने युद्ध में अपने गणों की हार के बाद उस बालक का सिर त्रिशूल से काट दिया लेकिन इससे क्रोधित हुई माता की सभी देवताओं ने स्तुति की और तब भगवान शिव ने एक हाथी का मस्तक उस बालक के शरीर पर स्थापित कर दिया इस प्रकार गजानन का जन्म हुआ। रिद्धि और सिद्धी के स्वामी होने के कारण इनकी कृपा से संपदा और समृद्धि का कभी अभाव नहीं रहता है। गणपति समान रूप से देवलोक, भूलोक और दानव लोक में प्रतिष्ठित हैं। श्री गणेश जी ब्रह्मस्वरूप हैं और उनके उदर में यह तीनों लोक समाहित हैं। इसी कारण इनको लंबोदर कहते हैं। उनके उदर में सब कुछ समा जाता हैं और गणेश जी सब कुछ पचाने की क्षमता रखते हैं।

गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना मुहूर्त के विषय में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि गणेश उत्सव के दिन गणपति की पूजा के लिए प्रातः 10:53 से 01:27 बजे तक की अवधि का सर्वोत्तम समय है। 6 सितंबर अनंत चतुर्दशी को श्री गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन होगा।

स्वामी जी ने बताया कि गणेश चतुर्थी के दिन चंद्रमा का दर्शन करना अशुभ माना जाता है। इस दिन चंद्रमा के दर्शन करने से किसी न किसी प्रकार के कलंक का सामना करना पड़ता है। 26 अगस्त को सांय 08:29 मिनट तक तथा 27 अगस्त को सांय 08:57 मिनट तक चंद्र दर्शन निषेध है।

# मोदी सरकार की वोट चोरी हुई जग जाहिर: चंद्रजीत निक्कू

भारत संवाद

सहारनपुर। कांग्रेस पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व व प्रदेस प्रदेश नेतृत्व के आह्वा पर सांसद इमरान मसूद के नेतृत्व में मंडी समिति रोड से घंटाघर तक केंद्रीय चुनाव आयोग और मोदी सरकार के वोट चोरी के खिलाफ बाइक रैली में जाने के लिए कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष चंद्रजीत सिंह निक्कू के आवास से विधानसभा प्रत्याशी सुखविंदर कौर,प्रदेश सचिव प्रवीण चैधरी,वरुण शर्मा और यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौरव वर्मा जी के संयुक्त नेतृत्व में सैकड़ो महिला पुरुष इकट्ठा होकर चले तो पुलिस प्रशासन ने जबरदस्ती धक्का मुक्की करते हुए उन्हें रोक दिया।

इस अवसर पर बोलते हुए चन्द्र जीत सिंह निक्कू और सुखविंदर कौर ने कहा कि मोदी सरकार की वोट चोरी जग जाहिर हो चुकी है और मोदी को अब इस्तीफा देना ही होगा।

पूरे भारत के लोग सड़को पर आकर इस वोट चोरी से बनी सरकार को उखाड़ फेकने का प्रण ले चुके है जल्द ही राहुल गांधी देश की सत्ता संभालेंगे परवीन चैधरी और वरुण शर्मा ने कहा कि आज राहुल गांधी जी ने जो वोट चोरी के खिलाफ आंदोलन शुरू किया है वो अब जन आंदोलन बन गया है और वोट चोरी से बनी सरकार कुछ दिन की मेहमान है उन्होंने कहा कि वोट चोरी करने वालो को सख़्त सजा मिलेगी

गौरव वर्मा और अक्षय चैधरी ने कहा कि मोदी जी ने अगर खुद इस्तीफा नहीं दिया तो जनता जबरदस्ती उन्हें गद्दी से उतार फेंकेगी उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र हरियाणा और



अब बिहार में वोट चोरी का प्रयास किया जा रहा है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इस अवसर पर उपमा मधु सहगल शर्मिष्ठा रीता बब्बर राजन बिरला अनिरुद्ध अश्विन मिंटा मनजीत गोल्डी,मनजीत कोका प्रवीण सैनी राहुल सिंह श्रुति कलसी नजमींन खान अजमेर सिंह आशीष नंदा बिट्टू बादल विपिन भीम छोटा चैटाला संजय वालिया नदीम ठेकेदार आदि मौजूद रहे।

# ब्रहमकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में राजयोगिनी दादी प्रकाशमणी की 18वीं पुण्यतिथि मनाई

**100 से अधिक रक्तदाताओं ने किया रक्तदान**

भारत संवाद

सहारनपुर। विश्व बंधुत्व दिवस और पूर्व इंटरनेशनल चीफ राजयोगिनी दादी प्रकाशमणी की 18वीं पुण्यतिथि पर आयोजित रक्तदान शिविर में सौ से अधिक रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।नवीन नगर स्थित ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय परिसर में कार्यक्रम में पहुंचे नगर विधायक राजीव गुंबर ने कहा कि रक्तदान महादान है यह समय पर लोगों का जीवन बचाने का कार्य करता है। संस्था के द्वारा आपसी सहयोग, प्रेम और सद्भावना से जो कार्य चल रहे है, वह सराहनीय है। नकुड विधायक मुकेश चैधरी ने कहा कि शिविर में लोगों ने जिस तरह से बढ़ चढ़कर रक्तदान किया है, वह एक सराहनीय प्रयास है। इसके लिए आयोजक बधाई के पात्र हैं। पूर्व सांसद प्रदीप चैधरी और ब्लॉक प्रमुख सुभाष



चैधरी ने कहा कि रक्तदान से न केवल जरूरतमंदों की जान बचाई जा सकती है, बल्कि यह सामाजिक कत्र्तव्य निभाने का एक सशक्त माध्यम भी है।ब्रह्माकुमारी नैंसी बहन ने कहा कि आज पूरे देश में ब्रह्मकुमारीज सेंटरों पर रक्तदान शिविर चल रहे हैं, जो अपने आपमें एक रिकार्ड है। लोग अब रक्तदान के महत्व को समझने लगे हैं। ब्रह्माकुमारी उमा बहन ने सभी रक्तदाताओं, अतिथियों और सेवाधारियों का आभार व्यक्त किया। सभी रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट भी वितरित किए गए।

# सपा नेत्री रूही अंजुम प्रदेश सचिव मनोनीत

भारत संवाद

सहारनपुर। सपा नेता रूही अंजुम को समाजवादी पार्टी में प्रदेश सचिव बनाए जाने पर आल इंडिया गाडा बिरादरी के पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी। समाजवादी पार्टी में सपा नेता रूही अंजुम को प्रदेश सचिव बनाए जाने पर विजय टॉकीज रोड स्थित सपा नेता



रूही अंजुम के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में आल इंडिया गाडा बिरादरी के पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं देकर खुशी व्यस्त की इस अवसर पर समस्त गधा समाज के प्रतिनिधियों ने सपा सचिव बनने पर रूही अंजुम को बधाई दी और आने वाले 2027 के चुनाव में तन मन धन से सहयोग करने की बात कही। कार्यक्रम में सपा नेता रूही अंजुम ने स्वागत करने पर आल इंडिया गाडा बिरादरी के पदाधिकारीयो का आभार व्यक्त किया। स्वागत कार्यक्रम में नसीम साहब दिल्ली, खालिद भाई दिल्ली वाले,मुनीर, सिकंदर, नौशाद, रशीद एडवोकेट, तबरेज प्रधान, वसीम, अफजल, हुसैन प्रधान, शादाब प्रधान आदि मौजूद रहे।

# रक्तदान शिविर में 146 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

भारत संवाद

सहारनपुर। मानवमात्र के कल्याणार्थ हेतु सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन आशीर्वाद एवं उनके मार्गदर्शन द्वारा ब्रांच सबदलपुर कुम्हारहेड़ा में संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन (संत निरंकारी मिशन का सामाजिक विभाग) द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ भाजपा नकुड़ विधायक मुकेश चैधरी, क्षेत्रीय संचालक रजनीश कुमार, मुखी राजीव कुमार, संचालक सुनील कुमार के कर कमलों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। नकुड़ विधायक मुकेश चैधरी नें कहा कि रक्तदान शिविर में सम्मिलित हुए सभी रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया और जनकल्याण को समर्पित उनकी निरूस्वार्थ सेवा एवं बहूमूल्य योगदान हेतु भूरी भूरी प्रशंसा करी, उन्होंने कहा कि यह एक बहुत ही सकारात्मक और समाजसेवी गतिविधि है। रक्तदान एक महत्वपूर्ण और जीवनदायी कार्य है जो कई लोगों की जीवन बचाने में मदद करता है। संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन द्वारा सबदलपुर कुम्हारहेड़ा में आयोजित रक्तदान शिविर में 146 यूनिट रक्त एकत्र किया गया जिसमें एस.बी.डी. जिला चिकित्सालय के




रक्तकेंद्र एवं शैख उल हिन्द मौलाना महमूद हसन मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में दिया गया।संचालक सुनील कुमार ने बताया कि संत निरंकारी मिशन आध्यात्मिक उत्थान के साथ साथ समाज कल्याण की गतिविधियों जिनमें मुख्यतः रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान वृक्षारोपण, महिला एवं बाल विकास सशक्तिकरण हेतु सुचारू रूप से चलाई जा रही योजनाएं निःशुल्क नेत्र जांच शिविर एवं प्राकृतिक आपदाओं में जरूरतमंदों की सहायता इत्यादि सेवाएं सम्मिलित है ताकि समाज का समुचित विकास हो सके।ब्रांच मुखी राजीव कुमार ने कहा कि रक्तदान शिविर में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों, रक्तदाताओं, साध संगत, डॉक्टर एवं उनकी टीम का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# लोकतंत्र की हत्या कर रही भाजपा: इमरान मसूद

भारत संवाद

सहारनपुर। कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर कांग्रेस सांसद काजी इमरान मसूद, जिला अध्यक्ष संदीप सिंह राणा एवं महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी के संयुक्त नेतृत्व में निकाली जाने वाली ह्यवोट चोर, गद्दी छोड़, बाइक रैली, को पुलिस प्रशासन ने पूरी ताकत लगाकर निकलने से रोक तो नहीं दिया लेकिन कांग्रेसजनों को जहां-जहां रोका गया वहीं कांग्रेसजनों ने प्रदर्शन करते हुए देश में हो रही वोट चोरी का विरोध किया। इस महा रैली को रोकने के लिए कल



रात से ही पुलिस प्रशासन ने कांग्रेसी नेताओं के घरों पर पहुंचकर उन्हें हाउस अरेस्ट करना शुरू कर दिया था। कांग्रेस सांसद काजी इमरान मसूद को उनके अंबाला रोड स्थित निवास पर, कांग्रेस जिला अध्यक्ष संदीप सिंह राणा को गांव बेहड़ा संदल सिंह स्थित उनके निवास पर, महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी व पूर्व विधायक मसूद अख्तर, विधायक शाहनवाज खान को उनके आवासों पर हाउस अरेस्ट कर लिया। पुलिस प्रशासन ने कांग्रेस सांसद काजी इमरान मसूद के निवास क्षेत्र को छावनी सा बना दिए जाने के बावजूद वहां हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हो गए और उन्होंने घंटों तक वोट चोर, गद्दी छोड़, के नारे के साथ जोरदार नारेबाजी की । कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा कि हम संविधान के रखवाले हैं, लेकिन इतने बड़े संख्याबल में एकत्रित पुलिस प्रशासन को देखकर लगता है कि वें हमें कानून तोड़ने वाला समझ रहे है। उन्होंने कहा कि हमने संविधान की रक्षा की कसम खाई है और हम कानून का पालन करते हुए गांधीवादी अहिंसा के मार्ग का अनुसरण करते हुए अपना आंदोलन जारी रखेंगे, और इस विरोध प्रदर्शन का अधिकार हमें हमारा संविधान देता है ।इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर गिरफ्तार किए गए व प्रदर्शन करने वालों में कांग्रेस जिला अध्यक्ष संदीप सिंह राणा, महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी, एमएलसी शाहनवाज खान, पूर्व विधायक मसूद अख्तर, पूर्व मंत्री शायन मसूद, गंगोह के पूर्व चेयरमैन नोमान मसूद, हमजा मसूद, पूर्व प्रदेश सचिव प्रवीण संदीप डाबरे, हरिओम मिश्रा, सोनू पठान, दुष्यंत राणा,आदि सहित हजारों की संख्या में कांग्रेसजनों ने मौजूद रोके गए इस प्रदर्शन को ऐतिहासिक बना दिया।

# विशिष्ट नागरिक सम्मान का आयोजन

भारत संवाद

सहारनपुर। राष्ट्रीय जन कल्याण समिति भारत द्वारा सहारनपुर क्लब में एक विशिष्ट नागरिक सम्मान का आयोजन किया गया जिसमे जनपद एवं नगर सहारनपुर के अतिरिक्त जनपद शामली व उत्तराखंड के नागरिकों ने प्रतिभाग किया कारीकृम में आंतर्राष्ट्रीय योग गुरु युक्ति योगेशवरी विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारी तथा अध्यक्षता हेमंत जोशी सचिव सहारनपुर क्लब ने की संचालन समिति के अध्यक्ष डा. हर्ष वर्धन शर्मा ने किया समिति के महासचिव हाजी तौकीर अहमद कोषाध्यक्ष उपज शर्मा संगठन सचिव असलम मिर्जा व सहसचिव हरिओम मिश्रा के सहयोग से पंडित जय



नाथ शर्मा, ब्रित चावला के अतिरिक्त डाव अनिल मलिक को धन्वंतरि, किरण जीत संधु को वन्दे भारत, अनिल भारद्वाज को गणेश शंकर विद्यार्थी, रश्मि टेरेंस को मदर टेरेसा राज ग्रोवर को बेस्ट ट्यूबर, तथा राघवेंद्र स्वामी को ब्राह्मण गौरव एव जयनाथ शर्मा को ब्राह्मण शिरोमणि सम्मान प्रदान किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने एक स्वर से डाव हर्षवर्धन शर्मा को पथप्रदर्शक सम्मान प्रदान किया हेमंत जोशी ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद कर समापन की घोषणा कर दी।

भारत संवाद परिवार
1-संरक्षक-भारत संवाद डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित, 2-संरक्षक-भारत संवाद, आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ, 3-संरक्षक-भारत संवाद गजानन महतपुरकर, (सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त), 4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद), जगन्नाथ तिवारी, 5-उपसंपादक (भारत संवाद), माता प्रसाद शर्मा, 6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण आशीष कुमार शर्मा

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा रमा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1-ए बेली रोड नया कटरा इलाहाबाद से मुद्रित एंव ज्ञान गंगा कालोनी सराय तकी झूंसी प्रयागराज से प्रकाशित।
संपादक- अरविन्द कुमार शर्मा ।फोन नं०.05324012522 मो०-9455137214,9935750291,E mail-bharatsamvad2009@gmail.com RNI No-UPHIN/2009/30939
(किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र इलाहाबाद उच्च न्यायालय होगा)।



## छोटी हाइट होने पर कैसे करें कपड़ों का चयन

**कई लोग अपनी हाइट से नाखुश रहते है, उन्हें लगता हैं कि वे थोड़े और लंबे होते तो अच्छा होता। लेकिन अगर कम व अवरेज हाइट होने पर भी सही ड्रस व कपड़ों का चयन करें तो छोटी हाइट को भी लंबा दिखा सकते हैं। आइए, हम आपको कपड़ों के चयन से जुड़ी कुछ ऐसी बातें बताते हैं जो छोटी हाइट को लंबा दिखाने में कारगर साबित होंगी -**

- ऐसी ड्रेस पहनें जिसमें पैर दिखें तो आप लंबी नजर आएंगी जैसे ऐसी कोई शॉर्ट ड्रेस, जो घुटने तक या उससे ऊपर हो। इस तरह की ड्रेस पहनकर छोटे कद को लंबा दिखाया जा सकता है।
- अगर आपका कद छोटा है तो आप हाई वेस्ट की जींस पहन सकती हैं। इस जींस में आपके पैर लंबे नजर आएंगे जिससे देखने वालों को आपकी लंबाई अधिक होने का एहसास होगा।
- छोटे कद को लंबा दिखाने के लिए ऐसे कपड़ों का चयन करें जो वी नेक के हो, जैसे वी-नेक वाली शर्ट, टी-शर्ट, कुर्ती व ड्रेस आदि। गोल गले के कपड़े पहनने से आपको बचना चाहिए।
- कद को लंबा दिखाने के लिए सर से पैर तक एक ही रंग के कपड़ें पहनें, जैसे टॉप और बॉटम दोनों का एक ही रंग होने पर आपका कद लंबा नजर आएगा। वैसे छोटे कद पर गहरे रंग के कपड़ें भी देखने वालों को लंबा होने का एहसास देते है।
- गाउन पहनकर भी आप लंबी नजर आ सकती हैं।
- कपड़ों के अलावा हाई हील्स पहनकर भी आप हाइट को बढ़ा हुआ दिखा सकती हैं।

### शॉपिंग लिस्ट में शामिल करें को-ऑर्ड्स

कम्फर्टेबल आउटफिट्स खरीदना चाहती हैं तो को-ऑर्ड्स ट्राई करें। ये आउटफिट फिट होने के साथ बेहद स्टाइलिश भी है। इसको पहनने के कई फायदे हैं। इन्हें पहनने में झंझट नहीं होता, मौसम के हिसाब से कम्फर्टेबल है वहीं स्टाइल के मामले में भी नंबर वन। इन टू-पीस सेट्स के साथ आपको ज्यादा अक्सेसरीज भी कैरी करने की जरूरत नहीं। अगर आप अभी भी इस फैशन को ट्राई करने में झिझक रहे हैं तो बॉलिवुड सिलेब्स से आइडिया ले सकते हैं।



# जन्माष्टमी के मौके पर घर की ऐसे करें सजावट

**भगवान कृष्ण के जन्मदिन के मौके पर लड्डू गोपाल का मंदिर से लेकर घर को सजाने के लिए फूल की तोरण और कलरफूल साड़ी का इस्तेमाल कर सकती हैं।**

जन्माष्टमी का पर्व आने वाला है, इस दौरान लोग लड्डू गोपाल का जन्म को खास बनाने के लिए घर और मंदिर को सजाते हैं। इस पर्व को लोग कृष्ण जन्माष्टमी या गोकुलाष्टमी भी कहते हैं। यह पर्व श्रावण मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। पूरे देश में इस त्योहार को अलग-अलग तरीके जैसे रास लीला, दही हांडी इत्यादि तरीके से सेलिब्रेट करते हैं। अगर आप इस मौके पर अपने घर को सजाने के लिए कुछ यूनिक आइडिया ढूंढ रही हैं,तो आप यहां से सजावट के तरीके देख सकती हैं।

### गुब्बारे और फूल से सजाएं घर

लड्डू गोपाल का जन्मदिन मनाने के लिए आप घर को फूल और गुब्बारे से सजाएं। रंग बिरंगे गुब्बारों को घर की दीवारों, मंदिर के इर्द गिर्द लगाएं। साथ ही फूलों का इस्तेमाल भी कर सकती हैं। अलग-अलग रंग के फूल की माला बनाकर मुख्य द्वार पर लगाएं।

### झालर लाइट का करें इस्तेमाल

भगवान विष्णु के अवतार श्री कृष्ण का जन्म के मौके पर आप अपने घर को मोमबत्ती, दीपक या झालरों लाइट्स का उपयोग कर सकती हैं। झालर लाइट को डोरी पर बांधकर छत से लटका सकती हैं। इसके अलावा मंदिर को सजाने के लिए इसके इर्द गिर्द झालर और दीपक रखें। लगा सकते हैं।

### घर के मुख्य द्वार पर लगाएं झूला

कृष्ण जन्माष्टमी पर आप घर के बाहर भगवान का द्वार सजा सकती है। इसके लिए घर के बाहर के हिस्से पर लड्डू गोपाल के लिए झूला लगाकर उसे फूल और लाइट की मदद से सजाएं और झांकी बनाए।

### रंगोली से सजाएं घर

हिंदू धर्म में रंगोली का खास महत्व है। इस मौके पर आप घर को रंगोली से सजा सकते हैं। इसके लिए आप अलग-अलग रंग और फूल का उपयोग कर सकती हैं। यह त्योहार की खुशी और घर सुंदरता को कई गुना बढ़ाने का काम करता है।



# घर को सजाने में इन चीजों का करें इस्तेमाल

**घर एक ऐसी जगह होती है, जहां हम खुद को सबसे ज्यादा सुकून में महसूस करते हैं। इसे सजाने का तरीका सिर्फ खुद की पसंद को ही नहीं दिखाता, बल्कि यह पड़ोसियों और मेहमानों पर भी गहरी छाप छोड़ता है। अगर आपके पास खड़ूस पड़ोसी हैं जो हमेशा शिकायत करते हैं, तो इन सजावटी आइटम का इस्तेमाल करके उन्हें भी वाहवाही करने पर मजबूर कर सकते हैं। आज हम आपको घर सजाने के कुछ अनोखे और क्रिएटिव आइडियाज बताने वाले हैं।**

### वॉल आर्ट

हैंडमेड वॉल आर्ट आप अपने घर के दिवारों पर लगा सकती है। यह देखने में काफी ज्यादा खूबसूरत लगता है। साथ ही यह आपके घर की खूबसूरती को बढ़ाने में आपकी मदद भी करता है। ऐसे में आप चाहे तो खुद से घर पर आसानी से वॉल आर्ट बना सकते हैं।

### हाउस प्लांट्स का जादू

हाउस प्लांट्स का जादू आपको घर को खूबसूरत बनाने में मदद कर सकता है। जी हां, आप चाहे तो हाउस प्लांट्स की मदद से भी अपने घर को खूबसूरत लुक दे सकते हैं। खूबसूरत गमले और छोटे-छोटे इनडोर प्लांट्स को लिविंग रूम या बालकनी में रखें।

### फ्रेश फ्लावर्स

फ्रेश फ्लावर की मदद से भी आप चाहे तो अपने घर की सजावट कर सकती है। यह आपके घर को फर्श रखने में मदद करता है साथ ही आपके घर की खूबसूरती को भी बढ़ाता है। ऐसे में आप चाहे तो गुलाब या लीली का फूल अपने घर को सजाने के लिए इस्तेमाल कर सकती है।





# सोच-समझकर चुनें घर की दीवारों का फ्लोरिंग कलर

**वास्तुशास्त्र के मुताबिक घर की दीवारों का रंग चुनने से कई वास्तु दोष दूर होते है। ठीक इसी प्रकार फ्लोरिंग कलर भी सोच-समझकर चुने क्योंकि यह सकारात्मक या नकारात्मक ऊर्जा का संकेत हैं।**

कहते है कि रंगों का हमारी जिदंगी में गहरा प्रभाव पड़ता है। बात अगर वास्तुशास्त्र की करें तो इसके मुताबिक घर की दीवारों का रंग चुनने से कई वास्तु दोष दूर होते है। ठीक इसी प्रकार फ्लोरिंग कलर भी सोच-समझकर चुने क्योंकि यह सकारात्मक या नकारात्मक ऊर्जा का संके हैं। चलिए आज हम आपको दिशा के मुताबिक फर्श के रंगों के बारे में बताते है जिनसे घर में पॉजिटिव एनर्जी का वास होता है।

### पूर्व दिशा

घर की पूर्व दिशा भगवान सूर्य को भी समर्पित मानी जाती है। अगर इस दिशा के वास्तु दोष सही हो तो समाज में मान-सम्मान बना रहता है। अगर आप भी यही चाहते है तो घर की इस दिशा का फर्श डार्क ग्रीन कलर चुनें।

### पश्चिम दिशा

वास्तु के मुताबिक, घर की पश्चिम दिशा में लक्ष्मी जी का वास होता है। इसलिए इस दिशा को दोषमुक्त रखने के लिए फर्श का रंग व्हाइट चुनें। ध्यान रखें कि इसपर कोई आकृति या डिजाइन न बनी हो।

### उत्तर दिशा

अगर घर में खुशहाली चाहते है तो घर की उत्तर दिशा में डार्क ब्लेक कलर का फर्श लगवाना चाहिए क्योंकि इसे धन-कुबेर का स्थान माना जाता है।

### दक्षिण दिशा

दक्षिण दिशा की तरफ कभी भी घर का प्रवेश द्वार नहीं होना चाहिए। वहीं, पति-पत्नी का बेडरूम भी इस दिशा में नहीं होना चाहिए क्योंकि इससे उनकी बीच लड़ाई-झगड़े बने रहते है। अगर चाहते है कि घर की इस दिशा से जुड़े वास्तु दोष दूर हो जाए तो फर्श का रंग हमेशा डार्क रेड चुनें।

### उत्तर-पूर्व दिशा

इस जगह पर भगवान शिव का वास माना गया है। बात शिव जी की करें तो उन्हें आसमानी व नीला रंग बेहद पसंद होता है इसलिए इस दिशा का फर्श यानी फ्लोर भी इन्हीं रंगों में सिलेक्ट करें।

### दक्षिण-पूर्व

घर की इस दिशा को सृष्टि के रचियता ब्रह्मा की दिशा कहा जाता है इसलिए इस दिशा में बैंगनी यानी पर्पल कलर का फर्श डलवाएं।

### दक्षिण-पश्चिम दिशा

इस दिशा में हल्के रंगों का इस्तेमाल करना चाहिए। यहां तक कि फर्श का रंग भी हल्का गुलाबी ही चूज करें। इससे घर में पॉजिटिविटी बनी रहेगी।

### उत्तर-पश्चिम दिशा

इस दिशा की दीवारों, पर्दों और यहां तक कि फर्श का रंग भी ग्रे होना चाहिए क्योंकि यह रंग इस दिशा के लिए सबसे शुभ माना जाता है।



# 15 अगस्त पर जींस के साथ पहनें ये टी शर्ट

**15 अगस्त का दिन हर भारतवासी के लिए खास होता है। इस दिन हर कोई झंडा लहराता है। ऐसे में उनके कपड़े पहनने का अंदाज तिरंगे जैसा होता है। कई सारी महिलाएं इस दिन साड़ी पहनती हैं, तो कुछ सूट को स्टाइल करती हैं। लेकिन अगर आपको अपने लुक में कुछ चेंज करना है, तो आप जींस और टी-शर्ट को स्टाइल कर सकती हैं।**

जींस और टी-शर्ट पहनने में काफी कंफर्टेबल होती है। साथ ही, पहनने के बाद अच्छी लगती है। चलिए आपको बताते हैं किस तरह की टी-शर्ट को आप जींस के साथ स्वतंत्रता दिवस पर पहन सकती हैं।

### वंदे मातरम वाली टी-शर्ट करें स्टाइल

अगर आपको कुछ अलग ट्राई करना है, तो आप इस तरह के तिरंगे वाली वंदे मातरम लिखी हुई टी-शर्ट को स्टाइल कर सकती हैं। यह टी-शर्ट प्लेन होती है। बस आपको इसमें बीच में एक प्रिंट मिलता है, जिसमें आप वंदे मातरम या भारत माता की जय वाला प्रिंट भी ले सकती हैं। यह टी-शर्ट ब्लू जींस के साथ अच्छी लगेगी। इसमें आपका लुक भी अलग दिखेगा। मार्केट में इस तरह की प्रिंटेड टी-शर्ट आपको 100 से 250 रुपये में मिल जाएगी।

### स्लोगन वाली टी-शर्ट

अगर आपकी देशभक्ति को और ज्यादा बढ़ाना है, तो आप ऐसे में स्लोगन वाली अलग-अलग डिजाइन की टी-शर्ट खरीद सकती हैं। इसमें आपको हर तरह के स्लोगन लिखे हुए मिलेंगे। इससे आपकी टी-शर्ट अलग नजर आएगी। इसमें आप कलर के साथ प्रिंट को भी चेंज करके ले सकती हैं। मार्केट में इस तरह की टी-शर्ट आपको 200 से 250 रुपये में मिल जाएगी। इसके साथ आपको ज्यादा एक्सेसरीज स्टाइल करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### दिल है हिंदुस्तानी टी-शर्ट

हर किसी का दिल हिंदुस्तानी होता है। इस तरह की टी-शर्ट भी पहनने के बाद अच्छी लगती है। साथ ही, इसमें प्रिंट भी आपको काफी खुला-खुला मिलता है। इसकी वजह से टी-शर्ट डिजाइन अच्छा लगता है। इसमें आप व्हाइट, ऑरेंज या ग्रीन कलर की टी-शर्ट को खरीद सकती हैं। साथ ही, इसे तिरंगे के प्रिंट में डिजाइन को खुद भी कस्टमाइज्ड करा सकती हैं। मार्केट में प्लेन टी-शर्ट आपको 100 से 200 रुपये में मिल जाएगी। इसपर प्रिंट करवाने के लिए आपको 150 रुपये देने पड़ेंगे।

इस बार 15 अगस्त को खास बनाने के लिए पहनें प्रिंटेड डिजाइन वाली टी-शर्ट। इसमें आप कम्फर्टेबल रहेंगी। साथ ही, आपका लुक भी अलग दिखाई देगा।



# व्हाइट हाउस से बात करो, रूसी तेल पर निक्की हेली की भारत को दो टूक चेतावनी

एजेंसी

डोनाल्ड ट्रंप की भारतीय-अमेरिकी रिपब्लिकन सहयोगी और संयुक्त राष्ट्र में पूर्व अमेरिकी राजदूत निक्की हेली ने भारत से रूसी तेल आयात पर तुरंत रोक लगाने का आग्रह किया है। उन्होंने रविवार को एक बयान में कहा कि भारत को इस मुद्दे पर 'जितनी जल्दी हो सके' व्हाइट हाउस के साथ मिलकर समाधान निकालना चाहिए। हेली के अनुसार, दोनों देशों के बीच दशकों की दोस्ती मौजूदा व्यापारिक तनावों और रूसी तेल आयात जैसे मुद्दों से निपटने का एक ठोस आधार प्रदान करती है। हेली का यह बयान ऐसे समय में आया है जब भारत और अमेरिका के संबंधों में हाल के हफ्तों में तनाव बढ़ गया है। ट्रंप प्रशासन ने रूसी तेल खरीदने के लिए भारत पर द्वितीयक टैरिफ लगाए हैं। इसके अलावा, भारत ने हाल ही में पाकिस्तान के साथ चल रहे संघर्ष में अमेरिका की मध्यस्थता की कथित भूमिका को भी अस्वीकार कर दिया था, जिससे दोनों देशों के बीच मतभेद और गहरा गए। वर्तमान में, भारतीय निर्यात पर अमेरिकी टैरिफ 50 प्रतिशत से ऊपर हैं, जो ब्राजील के बाद सबसे ज्यादा हैं। इस 'अनुचित, अनुचित और अविवेकपूर्ण' कदम की भारत ने कड़ी निंदा की है, क्योंकि इससे कपड़ा और समुद्री निर्यात जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एक कड़ा संदेश जारी कर स्पष्ट किया कि भारत अपने किसानों और मछुआरों के हितों से समझौता नहीं करेगा, भले ही इसकी कीमत चुकानी पड़े। अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पोस्ट और न्यूजवीक के एक लेख में, निक्की हेली ने जोर देकर कहा कि इन मतभेदों के बावजूद, दोनों देशों को अपने साझा लक्ष्यों से ध्यान नहीं हटाना चाहिए। उनके अनुसार, चीन का सामना करने के लिए अमेरिका को भारत जैसे मजबूत दोस्त की आवश्यकता है। हेली ने आगाह किया कि वाशिंगटन और नई दिल्ली के बीच संबंध टूटने की कगार पर हैं और इन्हें फिर से पटरी पर लाना बेहद जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत को चीन की तरह एक विरोधी नहीं समझा जाना चाहिए। उन्होंने ट्रंप प्रशासन को सलाह दी कि वे टैरिफ के मुद्दों या भारत-पाकिस्तान युद्धविराम में अमेरिका की भूमिका को दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतंत्रों के बीच दरार पैदा करने की अनुमति न दें। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद, रूस पर लगे प्रतिबंधों के कारण वैश्विक बाजार में तेल की कीमतें बढ़ गईं। रूस ने भारत जैसे देशों को कम कीमत पर तेल की पेशकश की, जो भारत की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए एक आकर्षक विकल्प बन गया। भारत ने इस अवसर का लाभ उठाया, जिससे उसे अपनी अर्थव्यवस्था को स्थिर रखने में मदद मिली। हालांकि, यह कदम अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों के लिए चिंता का विषय बन गया है, जो रूस को आर्थिक रूप से कमजोर करना चाहते हैं। यह स्थिति भारत के लिए एक कूटनीतिक चुनौती बन गई है, जहां उसे अपनी ऊर्जा सुरक्षा और रणनीतिक साझेदारी के बीच संतुलन साधना पड़ रहा है।




**"भारत से रूसी तेल आयात रोकने की निक्की हेली की चेतावनी ने अमेरिका-भारत संबंधों में बढ़ते तनाव को उजागर किया है। अमेरिकी टैरिफ और पाकिस्तान मुद्दे के बीच, हेली ने दोनों देशों को चीन के खिलाफ एक मजबूत गठबंधन बनाए रखने के लिए मतभेद सुलझाने की सलाह दी है।**

# यूरोपीय देशों ने अमेरिका के लिए डाकसेवा रोकी

## भारत के बाद ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस, इटली ने सर्विस सस्पेंड की; ट्रम्प का टैरिफ वजह बना

एजेंसी

भारत के बाद कई यूरोपीय देशों ने भी अमेरिका के लिए डाक सेवाएं सस्पेंड कर दी हैं। इनमें इटली, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड, ऑस्ट्रिया समेत कई देश शामिल हैं। सर्विस सस्पेंड होने की वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नए टैरिफ नियम हैं। दरअसल, ट्रम्प प्रशासन ने इसी साल 30 जुलाई को आदेश जारी किया था, जिसमें 800 डॉलर (70 हजार रुपए) तक के सामान पर मिलने वाली टैरिफ छूट को खत्म कर दिया गया है। यह छूट 29 अगस्त से खत्म हो जाएगी। यूरोपियन डाक संगठन पोस्ट यूरोप और दूसरे डाक विभागों के मुताबिक नए नियमों पर अब तक साफ जानकारी नहीं दी गई है। इसलिए फिलहाल डाक से सामान भेजने की सेवाएं रोकी जा रही हैं। भारत के संचार मंत्रालय के मुताबिक अमेरिका की टैरिफ लागू करने और वसूलने की प्रक्रिया साफ नहीं है। इसलिए भारत में अमेरिका के लिए डाक सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित रहेगी। भारतीय डाक विभाग 25 अगस्त से अमेरिका के लिए ज्यादातर डाक सामानों की बुकिंग सस्पेंड कर देगा। फिलहाल ये फैसला अस्थायी रूप से लागू होगा। 23 अगस्त को डाक विभाग ने एक प्रेस नोट जारी करके इसकी जानकारी दी थी। वहीं, जर्मनी की डॉयचे पोस्ट ने कहा कि निजी और व्यवसायी ग्राहकों के लिए पार्सल भेजने पर अस्थायी रोक लगाई गई है। इटली के पोस्ट ने 23 अगस्त से इस सेवा पर रोक लगा दी है। हालांकि यहां से सामान्य पत्र भेजे जा सकते हैं। दूसरी तरफ, ब्रिटेन की रॉयल मेल सर्विस ने अमेरिका भेजे जाने वाले सभी पैकेज रोक दिए हैं। इसके अलावा 100 डॉलर से अधिक कीमत के सामान पर 10% शुल्क भी लगेगा। फ्रांस और नीदरलैंड ने भी टैरिफ वसूली की व्यवस्था साफ नहीं होने के चलते इसे रोक दिया है।



# पंजाब सांसद हरसिमरत बादल का विदेश मंत्री को पत्र

## अमेरिकी में वीजा संकट पर हस्तक्षेप की मांग; ड्राइवर हरजिंदर को नहीं मिली जमानत

एजेंसी

बठिंडा, पंजाब में शिरोमणि अकाली दल की बठिंडा से सांसद हरसिमरत कौर बादल ने भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर को पत्र लिखकर अमेरिका में पंजाबी ट्रक ड्राइवरों को लेकर खड़े हुए संकट पर तत्काल दखल देने की अपील की है। वहीं, अमेरिकी कोर्ट में हरजिंदर सिंह को पहली बार पेश किया गया है और कोर्ट ने उसे जमानत देने से मना कर दिया। हरसिमरत बादल ने कहा कि हाल ही में एक पंजाबी ट्रक ड्राइवर से हुई सड़क दुर्घटना के बाद अमेरिकी सरकार ने सभी विदेशी ट्रक ड्राइवरों के वर्क वीजा फ्रीज कर दिए हैं। हरसिमरत कौर ने मांग की कि भारत सरकार अमेरिकी प्रशासन से बातचीत कर इस आदेश को वापस लेने के लिए पहल करे। एक ड्राइवर की गलती की सजा पूरे समुदाय को देना नाइंसाफी होगी। पंजाबी समुदाय ने दशकों से अमेरिका की ट्रकिंग लॉजिस्टिक्स और नेटवर्क को खड़ा किया और संभाला है। ऐसे में उन पर सामूहिक कार्रवाई करना भेदभावपूर्ण होगा। हरसिमरत ने विदेश मंत्री से यह भी आग्रह किया कि गिरफ्तार पंजाबी ड्राइवर हरजिंदर सिंह, जिस पर वाहन से हुई तीन मौतों के मामले दर्ज किए गए हैं, को तत्काल काउंसलर एक्सेस दिलवाया जाए ताकि उसका केस सही ढंग से लड़ा जा सके। इसके साथ ही उन्होंने नए अमेरिकी आदेश, जिसमें ट्रक ड्राइवरों के लिए अंग्रेजी भाषा में निपुणता का नियम लागू किया गया है, पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि विदेशी ड्राइवरों, खासकर पंजाबियों को, भाषा कौशल सुधारने के लिए पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए। साथ ही अगर कोई ड्राइवर टेस्ट पास नहीं कर पाता, तो उसे दोबारा परीक्षा देने का मौका मिलना चाहिए, ताकि उनकी रोजी-रोटी पूरी तरह से छिन न जाए। हरसिमरत कौर बादल ने कहा कि विदेश मंत्री को यह मुद्दा अमेरिकी सरकार के समक्ष मजबूती से उठाना चाहिए, ताकि अमेरिका में काम कर रहे पंजाबी ट्रक ड्राइवरों का भविष्य सुरक्षित रह सके। फ्लोरिडा के टर्नपाइक पर 12 अगस्त को हुए एक्सीडेंट में तीन लोगों की मौत के मामले में आरोपी ट्रक ड्राइवर हरजिंदर सिंह ने आज पहली बार कोर्ट में पेश किया गया। नाइन्टींथ जुडिशियल सर्किट ऑफ फ्लोरिडा की जज लॉरेन स्वीट के समक्ष हुई सुनवाई में उन पर दो मामलों में सुनवाई है। जिसमें पहले में हरजिंदर पर हत्या प्रयास के आरोप लगे। जबकि दूसरे मामले में तीन मानव हत्या के आरोप भी लगाए गए। कोर्ट ने जमानत न देने का आदेश दिया है, जिससे हरजिंदर स्ट. लूसी काउंटी शेरिफ ऑफिस की हिरासत में रहेंगे। इसके अतिरिक्त, उन पर इमिग्रेशन (आईसीई) होल्ड भी लगाया गया है।

दरअसल, कोर्ट में साफ कहा गया कि जमानत देने का खतरा है। हो सकता है कि अगर हरजिंदर को छोड़ दिया जाए, तो वे पेशी के लिए आए ही ना। अमेरिका के फ्लोरिडा में पंजाब के ट्रक ड्राइवर के गलत यू-टर्न से हुए सड़क हादसे में 3 अमेरिकियों की मौत के बाद अमेरिका ने ड्राइवरों के वीजा पर रोक लगा दी है।




# मेटा प्रमुख जुकरबर्ग की सिक्योरिटी पर 221 करोड़ खर्च

## इलॉन मस्क की सुरक्षा में 20 गार्ड तैनात; टेक दिग्गज अपनी सुरक्षा का खर्चा बढ़ा रहे

एजेंसी

न्यूयॉर्क, दुनिया की सबसे बड़ी टेक कंपनियों के प्रमुख अब सिर्फ कारोबारी चेहरे नहीं रहे, बल्कि राजनीति, समाज और जनभावनाओं के सीधे निशाने पर हैं। इसी वजह से उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा पर खर्च हैरान करने वाले स्तर तक पहुंच गया है। 2024 में 10 बड़ी टेक कंपनियों ने अपने सीईओ की सुरक्षा पर करीब 369 करोड़ (45 मिलियन अमेरिकी डॉलर) से ज्यादा खर्च किया। इसमें सबसे बड़ा हिस्सा मेटा के प्रमुख मार्क जुकरबर्ग और उनके परिवार की सुरक्षा का रहा, जिस पर अकेले करीब 221 करोड़ (27 मिलियन डॉलर) खर्च हुए। दरअसल, अब खतरे केवल कारोबारी प्रतिद्वंद्वियों और असंतुष्ट कर्मचारियों से नहीं हैं। डेटा का दुरुपयोग, बड़े पैमाने पर छंटनी, अरबों डॉलर की दौलत और राजनीति में सीधी दखल ने टेक दिग्गजों को आम जनता के गुस्से का निशाना बना दिया है। एजेंसियां सोशल मीडिया इंटेलिजेंस की सर्विस भी दे रहीं सुरक्षा खतरे अब केवल हथियारबंद हमलों तक सीमित नहीं रहे। साइबर हमले, घर में सेंध और डीपफेक तकनीक ने सुरक्षा के नए आयाम खोल दिए हैं। सुरक्षा एजेंसियां अब सिर्फ बॉडीगार्ड्स तक सीमित नहीं हैं। वे साइबर सिक्योरिटी, डिजिटल मॉनिटरिंग और सोशल मीडिया इंटेलिजेंस जैसी सेवाएं भी दे रही हैं। एआई आधारित डीपफेक वॉइस का इस्तेमाल करके कंपनियों से फर्जी फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन करवाने की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। ऐसे में सीईओ और कंपनियों के डेटा की सुरक्षा अब प्राथमिकता बन गई है।



# 'मंदिर परिसर में कोई राजनीतिक गतिविधि नहीं होगी': केरल उच्च न्यायालय




**केरल उच्च न्यायालय ने एनार्कुलम निवासी एन. प्रकाश की याचिका पर सुनवाई करने के बाद देवस्वोम बोर्ड को निर्देश दिये.**

एजेंसी

कोच्चिः केरल के तीन प्रमुख देवस्वोम बोर्ड अपने नियंत्रण वाले मंदिर परिसरों में किसी भी तरह की राजनीतिक गतिविधि की अनुमति नहीं देंगे. केरल उच्च न्यायालय ने एनार्कुलम के निवासी एन. प्रकाश की याचिका पर सुनवाई के बाद ये निर्देश दिये. न्यायमूर्ति राजा विजयराघवन वी और न्यायमूर्ति के वी जयकुमार की पीठ ने त्रावणकोर, कोचीन और मालाबार देवस्वोम बोर्ड को यह निर्देश जारी किया. पीठ ने 23 अगस्त के अपने आदेश में निर्देश दिया कि यदि अधिनियम के किसी उल्लंघन की जानकारी बोर्ड के संज्ञान में लाई जाती है तो उन्हें बिना किसी देरी के कानून प्रवर्तन प्राधिकारी को सूचित करना होगा ताकि कानून के अनुसार उचित कार्रवाई की जा सके. अदालत ने बोर्ड को निर्देश दिया कि वे अपने अधीन आने वाले धार्मिक संस्थानों को नए निर्देश जारी करें ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अधिनियम के प्रावधानों का सख्ती से पालन किया जाए. अपनी याचिका में, प्रकाश ने दावा किया था कि कोझिकोड में ताली मंदिर, अटिंगल में श्री इंदिलयप्पन मंदिर और कोल्लम में कडक्कल देवी मंदिर जैसे विभिन्न मंदिर परिसरों का उपयोग राजनीतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए किया गया था. उन्होंने आरोप लगाया था कि ऐसी गतिविधियां अनुचित हैं और श्रद्धालुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाती हैं. मालाबार देवास्वोम बोर्ड ने अदालत से कहा था कि देवास्वोम बोर्ड द्वारा मंदिर की पारंपरिक पूजा, अनुष्ठान और रीति-रिवाजों से जुड़े आयोजनों के अलावा किसी भी प्रकार के आयोजन या कार्य के चयन को विनियमित करने के लिए निर्देश जारी करना व्यावहारिक नहीं है. धार्मिक संस्थान (दुरुपयोग निवारण) अधिनियम, 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन करके मंदिर और उसके परिसर का दुरुपयोग उक्त कानून के तहत कार्रवाई योग्य है और इसके लिए अदालत से कोई निर्देश आवश्यक नहीं है. दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने कहा कि धार्मिक संस्थान (दुरुपयोग निवारण) अधिनियम के अनुसार कोई भी मंदिर या उसका प्रबंधक अपने परिसर का उपयोग किसी भी राजनीतिक गतिविधि के प्रचार-प्रसार के लिए नहीं करेगा और न ही करने देगा. अदालत ने यह भी कहा कि अधिनियम किसी भी राजनीतिक दल के लाभ के लिए धार्मिक संस्थानों के धन का उपयोग करने पर प्रतिबंध लगाता है.

# जब सीएम से मिल चुकी हैं तो किस बात का डर

## विधायक पूजा पाल पर अखिलेश यादव का तंज

**इस दौरान पूजा पाल के लेटर को लेकर पूछे जाने पर अखिलेश यादव ने कहा कि मुझे यह बात समझ में नहीं आ रही है कि जब उन्होंने सीएम से मुलाकात कर ली है तो फिर किस बात का उन्हें डर लग रहा है। इस बारे में उन्होंने कहा कि उनके प्रदेश अध्यक्ष दिल्ली की सरकार को पत्र लिख रहे हैं। जिसमें यह मांग की जा रही है कौन ऐसे संगठन है जो जान से मार सकते हैं, इनकी जांच कराई जाए।**

एजेंसी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पूर्व सीएम और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चायल विधानसभा सीट से विधायक पूजा पाल पर तंज कसते हुए कहा है कि जब वो सीएम से मिल ही चुकी हैं तो फिर उन्हें किस बात डर लग रहा है। दरअसल कुछ दिन पहले ही पूजा पाल ने अपनी जान को खतरा बताया था और अखिलेश को एक पत्र लिखकर कहा था कि अगर उनके साथ कुछ होता है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी अखिलेश यादव की होगी। रविवार को पार्टी कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए अखिलेश ने यह बातें कहीं। अखिलश यादव ने कहा कि प्रदेश में समाजवादी सरकार बनने पर दिव्यांगों को उनका हक मिलेगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार दिव्यांगों को इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर देने के साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर व शहर में दुकानों का आवंटन किया जाएगा। वहीं अखिलेश यादव ने केंद्र की भाजपा सरकार से मांग की है कि दिव्यांगों की पेंशन बढ़ाई जाए। रविवार को पार्टी कार्यालय में दिव्यांगों का सम्मान करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार ने दिव्यांगों से बड़े-बड़े वादे किए थे, मगर कोई वादा पूरा नहीं कर पाई। उन्होंने कहा कि योजनाएं बनी भी तो वह इन तक नहीं पहुंच पाई। जिसके चलते इन्हें हर दिन परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने शकुंतला मिश्रा यूनिवर्सिटी का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां पर छात्र लगातार आंदोलन कर रहे है। उन्हें हॉस्टल से निकाला जा रहा है, खाना सही तरीके से नहीं मिल रहा है, झूठे मुकदमे लड़े जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में समाजवादी सरकार बनने पर दिव्यांगों को अच्छे कृत्रिम उपकरण भी दिए जाएंगे। अखिलेश यादव कहा ने कहा कि पूरे यूपी में किसान खाद के लिए आज लाइन लगाकर खड़ा है लेकिन सरकार चुप है। कई जगह बुजुर्ग किसानों की जान चली गई है। ऐसे में सरकार को बताना चाहिए की खाद कहां पर है। इस दौरान उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर जंगली जानवर बच्चों और किसानों को अपना शिकार बना रहे हैं। बिजनौर में बड़ी संख्या में अक्सर गुलदार किसने और बच्चों को शिकार बना रहे हैं। इसी तरह कालागढ़, नवाबगंज, खीरी में भी हमले हुए हैं। सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए। हर जिले से घटनाएं मिल रही है। जानवर जान ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ना तो खाद मिल रही है और ना ही किसान सुरक्षित है।



# पंजाबः होशियारपुर में एलपीजी टैंकर टक्कर के बाद भड़की आग की घटना, मृतकों की संख्या बढ़कर 7 हुई, 16 घायल

**पंजाब के होशियारपुर के मंडियाला में एलपीजी टैंकर टक्कर की घटना में बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है. अभी कई घायलों की हालत गंभीर है.**

एजेंसी

होशियारपुरः पंजाब के होशियारपुर के मंडियाला गांव में एक एलपीजी टैंकर के पिकअप ट्रक से टकराने से भीषण विस्फोट और आग लगने से सात लोगों की मौत हो गई जबकि 16 घायल हो गए. यह घटना शनिवार को हुई. अस्पताल अधिकारियों के अनुसार तीन घायलों को छुट्टी दे दी गई है जबकि कई अन्य का इलाज चल रहा है. इनमें से कुछ की हालत गंभीर है. मृतकों की पहचान लुधियाना के डेहलों के रहने वाले टैंकर चालक सुखजीत सिंह, मंडियाला गांव के रहने वाले बलवंत राय, धर्मेंद्र वर्मा, मंजीत सिंह, विजय, जसविंदर कौर और आराधना वर्मा के रूप में हुई है. घायलों में बलवंत सिंह (55), हरबंस लाल(60), अमरजीत कौर(50), सुखजीत कौर, ज्योति, सुमन, गुरमुख सिंह, हरप्रीत कौर, कुसुमा, भगवान दास, लल्ली वर्मा, सीता, अजय, संजय, राघव और पूजा शामिल हैं. इनमें से कई लोगों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई. यह घटना शनिवार को मंडियाला गांव में घटी जब एक एलपीजी टैंकर एक पिकअप ट्रक से टकरा गया. इसके परिणामस्वरूप भीषण विस्फोट हुआ और आग लग गई. कहा ये भी जा रहा है कि यह दुर्घटना संभवतः तब हुई जब एक कार टैंकर से टकरा गई.



# जस्टिस पारदीवाला के आदेश ने सर्वोच्च न्यायालय को असमंजस में डाला

एजेंसी

नई दिल्लीः जस्टिस जमशेद बुर्जोर पारदीवाला की अध्यक्षता वाली पीठ द्वारा पारित तीन आदेशों ने सर्वोच्च न्यायालय को उलझन में डाल दिया. मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई को मामले में हस्तक्षेप करना पड़ा. बता दें कि न्यायमूर्ति पारदीवाला, मई 2028 में भारत के मुख्य न्यायाधीश का पद ग्रहण कर सकते हैं. उनका कार्यकाल दो साल का होगा.

### इलाहाबाद उच्च न्यायालय के विरुद्ध टिप्पणी:



जस्टिस बी पारदीवाला ने एक सिविल विवाद मामले में आपराधिक कार्यवाही की अनुमति देने के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश प्रशांत कुमार की आलोचना की. सेवानिवृत्ति तक उनसे आपराधिक मामलों के कार्यभार छीन लिए. हाई कोर्ट के कई वरिष्ठ न्यायाधीशों ने न्यायमूर्ति पारदीवाला द्वारा पारित आदेश पर नाराजगी व्यक्त की. अपने विचार मुख्य न्यायाधीश को बताए.

### आवारा कुत्तों पर आदेश:

न्यायमूर्ति पारदीवाला की अध्यक्षता वाली पीठ ने दिल्ली-एनसीआर के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सभी आवारा कुत्तों को सड़कों से हटाकर आश्रय स्थलों में स्थायी रूप से स्थानांतरित करें. सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की कुत्ते प्रेमियों और कई पशु कल्याण संगठनों द्वारा आलोचना की. जिसके बाद मुख्य न्यायाधीश गवई ने मामले को न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ को स्थानांतरित कर दिया.

**मानननीय न्यायालय सिविल जज (वरिष्ठ श्रेणी)**

मूल वाद संख्या -213 सन 2022ई०

अनीता देवी उम्र 27 वर्ष, पत्नी स्वर्गीय आदित्य कुमार निवासिनी ,ग्राम- मोहिद्दीनपुर थाना सराय ममरेज, हण्डिया प्रयागराज

बनाम

1 - अमृतलाल मौर्य पुत्र रामहर्ष निवासी ग्राम -मोहिद्दीनपुर थाना- सराय ममरेज, हण्डिया प्रयागराज 221503

2- श्री राम जनरल इंश्योरेंस नंबर - एल0 डी0सी0 सेंटर सरदार पटेल मार्ग नवाब युसूफ रोड बिहाइंड पंजाब नेशनल बैंक सिविल लाइंस प्रयागराज उत्तर प्रदेश 211001

3 - शाखा प्रबन्धक बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, ग्राम-मोहिद्दीनपुर थाना सराय ममरेज, हण्डिया प्रयागराज 221503

1 व 3 के खिलाफ पब्लिकेशन व अन्तिम अवसर नियति तिथि 13/10/25.